दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




द लीजंड ऑफ हनुमान के चौथे सीजन.......



सारा अली खान......

वर्ष : 10 | अंक : 135 | लखनऊ, 25 अप्रैल, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# खतरनाक एजेंडा चला रही कांग्रेस : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी प्रचार किया। बैतूल में उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपका आशीर्वाद मेरी बहुत बड़ी पूंजी है। जनता-जनार्दन, ईश्वर का रूप होती है और जब जनता-जनार्दन आशीर्वाद देती है, तो वह स्वयं ईश्वर का आशीर्वाद होता है। इन दिनों आशीर्वाद देने का एक ही तरीका है कि कमल का बटन दबाकर आप अपना आशीर्वाद मोदी तक पहुंचाइए। उन्होंने कहा कि आपके एक वोट ने विदेशों में भारत का डंका बजा दिया। आपके एक वोट ने सीमा पर से हमें आंख दिखाने वाले दुश्मन के होश ठिकाने लगा दिए। आपके एक वोट ने 500 साल के इंतजार के बाद रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान कराया।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस का खतरनाक छिपा हुआ उद्देश्य अब खुलकर सामने आ चुका है। सेक्युलरिज्म के नाम पर वोट बैंक की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की मूलभूत भावना की भी हत्या कर दी है। अब ये खुलकर सामने आ गया है कि कांग्रेस पार्टी दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों से कितनी नफरत करती है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस का सबसे बड़ा विरोध बाबा साहेब अंबेडकर ने किया था। बाबा साहेब दूर का देख सकते थे। कांग्रेस, देश को कैसे पतन की राह पर ले जा रही है, ये बाबा साहेब ने उस समय देख लिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे संविधान निमार्ताओं ने मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दे सकते, ये निर्णय किया था। ये हमारे संविधान की मूल भावना थी, लेकिन कांग्रेस के कारनामे संविधान के मूल भावना के भी खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा बाबा साहेब के संविधान को मिटाने और एससी/एसटी और ओबीसी से आरक्षण को छीनने की कोशिश करती रही है। कांग्रेस एससी/एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीन कर अपने खास वोट बैंक को देना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब उन्होंने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में धर्म आधारित आरक्षण की शुरूआत की थी। लेकिन तब कांग्रेस अपने मंसूबों में पूरी तरह कामयाब नहीं हो पाई थी। लेकिन कांग्रेस अब भी वह खेल खेलना चाहती है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कर्नाटक में ओबीसी को जो आरक्षण मिलता है, उस ओबीसी के कोटे से आरक्षण का हिस्सा छीनने के लिए कांग्रेस ने प्रदेश के सभी मुस्लिमों को ओबीसी बना दिया। कांग्रेस की ये हरकत पूरे देश के ओबीसी समाज के लिए खतरे की घंटी है। उन्होंने कहा कि अपने घोषणापत्र में कांग्रेस लगातार धर्म आधारित आरक्षण की बात करती है। तेलंगाना के कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने अभी नाम लेकर कहा है कि वह मुस्लिमों को आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। अब कांग्रेस ने देश के लोगों की संपत्ति छीन कर उसे भी अपने वोट बैंक को मजबूत करने की तैयारी शुरू की है। अगर किसी के पास एक से ज्यादा गाड़ी, मोटर साइकिल, घर होगा तो उसे कांग्रेस की सरकार बनने के बाद सरकार द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। मोदी ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में आया है कि इंडी गठबंधन में चर्चा चल रही है कि इंडी अलायंस वाले वन ईयर वन पीएम फॉर्मूला बना रहे हैं। यानी एक साल एक पीएम, दूसरे साल दूसरा पीएम, तीसरे साल तीसरा पीएम, चौथे साल चौथा पीएम, पांचवें साल पांचवां पीएम... ये पीएम की कुर्सी का भी ऑक्शन करने में लगे हैं।

## 'मुस्लिम कोटा' को लेकर बार-बार कांग्रेस पर निशाना साध रहे मोदी

कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण बढ़ाकर मुसलमानों को देने की कोशिश की। टोंक में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2004 में जैसे ही कांग्रेस ने केंद्र में सरकार बनाई, उसका पहला काम ₹आंध्र प्रदेश में एससी/एसटी आरक्षण को कम करना₹ और मुसलमानों को देना था। उन्होंने दावा किया कि यह एक पायलट प्रोजेक्ट था जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004 से 2010 के बीच कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की लेकिन कानूनी अड़चनों और सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वह अपनी मंशा पूरी नहीं कर पाई... 2011 में कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की।

# अमित शाह ने उद्धव ठाकरे को बताया नकली शिवसेना अध्यक्ष

● सोनिया के डर से प्राण प्रतिष्ठा में भी शामिल नहीं हुए

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी कहते थे कि अनुच्छेद-370 हटी, तो देश में खून की नदियां बह जाएंगी। 5 साल हो गए खून की नदियां तो छोड़ों आज तक किसी की एक कंकड़ तक चलाने की हिम्मत नहीं हुई। पीएम मोदी ने अनुच्छेद-370 हटाकर इस देश से आतंकवाद को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का बनाने काम किया है।

कांग्रेस पार्टी अफवाह फैला रही है कि अगर भाजपा को 400 सीटें मिल गईं तो आरक्षण चला जाएगा। लेकिन मैं आपको स्पष्ट बता देता हूं कि भाजपा न आरक्षण को जाने देगी और न ही हटाएगी। ये मोदी की गारंटी है। हमने बहुमत का प्रयोग अनुच्छेद-370 हटाने के लिए किया, तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाने के लिए किया और सीएए लाने के लिए किया।

अमरावती में एक सार्वजनिक बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे, जो खुद को शिव सेना का अध्यक्ष होने का दावा करते हैं, शिव सेना का यह फर्जी अध्यक्ष सोनिया गांधी के डर से प्राण प्रतिष्ठा में भी शामिल नहीं हुए। 'राहुल बाबा' को भी निमंत्रण मिला, लेकिन वे 'प्राण प्रतिष्ठा' में शामिल नहीं हुए। इन लोगों ने 'प्राण प्रतिष्ठा' में शामिल न होकर भगवान राम का अपमान किया है।' शरद पवार को भी निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि तबीयत खराब है। अभी चुनाव में कैसे घूम रहे हैं।

# प्रियंका ने बीजेपी पर लगाया असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप

● बोलीं– वे कभी समस्या की बात नहीं करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी की आलोचना की और कहा कि उसके नेता केवल देश का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए भाषण देते हैं। उन्होंने अपने हमले को और तेज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अन्य नेता हर दिन एक अप्रासंगिक मुद्दा उठाते हैं और उनके बारे में आलोचना करते हैं। केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए, जहां उनके भाई राहुल गांधी फिर से चुनाव लड़ रहे हैं, उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार मूल्य वृद्धि और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को संबोधित करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव ₹लोकतंत्र और भारत के संविधान की रक्षा₹ का एक अवसर है।

प्रियंका ने आरोप लगाया कि भाजपा शासन के पिछले 10 वर्षों में पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतें ₹तेजी से₹ बढ़ी हैं। इसी तरह, उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेता इन समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे। गांधी परिवार पर व्यक्तिगत हमलों पर प्रियंका ने कहा कि वे मेरा परिवार हैं, मैं उनका बचाव क्यों नहीं करूंगी?...मैं विश्वास के साथ दावा कर सकती हूं कि उनकी पार्टी में अधिक हैं।

# देश में बढ़ रहा आध्यात्मिक पर्यटन की तरफ इंटरेस्ट

● अयोध्या और उज्जैन जाने की लगी होड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, देश में लोग कई तरह की यात्राएं करना पसंद करते है। कई लोग समुद्र किनारे जाते हैं तो किसी को पहाड़ों पर घूमना पसंद है। मगर अब इसके अलावा भी लोगों का रुझान काफी अलग होने लगा है। अब लोगों का रुझान पर्यटन की तरफ नहीं रहा है। बल्कि लोग आध्यात्मिक पर्यटन की ओर अधिक झुकते जा रहे है।

खासतौर से अयोध्या, उज्जैन और बद्रीनाथ जैसे आध्यात्मिक स्थलों पर जाने में लोग अधिक रुचि दिखा रहे है। इंटरनेट से लेकर ट्रैवल एजेंसियों तक से इन जगहों के बारे में अधिक क्वेरी पूछी जा रही है। ये जानकारी सोमवार को एक रिपोर्ट में सामने आई है।

'मेकमाइ ट्रिप' इंडिया ट्रैवल ट्रेंड्स रिपोर्ट की मानें तो 10 करोड़ से अधिक प्लेटफॉर्म यूजर्स ने आध्यात्मिक जगहों के बारे में जानकारी अधिक हासिल की है। यानी अब गोवा, मनाली, जैसी जगहों पर जाने वाले लोगों की संख्या में थोड़ी कमी आई है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 के बाद से तीन से अधिक यात्रा करने वाले लोगों की संख्या 25 प्रतिशत से अधिक हुई है। इसमें आध्यात्मिक स्थलों की यात्रा में भी इजाफा देखा गया है।

### लोगों में बढ़ा आध्यात्मिक रुझान

मथुरा, वृंदावन, उज्जैन, अयोध्या जैसी जगहों को लेकर लोगों में रुझान काफी अधिक बढ़ने लगा है। लोग आध्यात्मिक पर्यटन की तरफ झुकते जा रहे है। आंकड़ों की मानें तो वर्ष 2021 की तुलना में 2023 में 97 प्रतिशत लोग अधिक सामने आए है। छोटे और मझोले शहरों में जो धार्मिक स्थल हैं उनके बारे में भी लोग अधिक जानकारी हासिल करने लगे है। वहीं अयोध्या की बात करें तो 2022 की तुलना में 2023 में 585 प्रतिशत अधिक यात्री यहां पहुंचे है। उज्जैन और बद्रीनाथ से संबंधित सर्च में भी 359 प्रतिशत और 343 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। रिपोर्ट की मानें तो वीकेंड के मौके पर लोग जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क, ऊटी और मुन्नार जैसे हिल स्टेशन भी जाने में रुचि दिखाते है।

### इंटरनेशनली इन जगहों का दिखा क्रेज

रिपोर्ट में सिर्फ देश ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटन स्थलों की जानकारी भी मिली है। यात्री दुबई, बैंकॉक और सिंगापुर के बारे में सर्वाधिक सर्च करते है। लंबी दूरी की यात्रा को देखते हुए लोग लंदन, टोरंटो और न्यूयॉर्क जाने के अधिक इच्छुक रहते है। इन जगहों के बारे में सर्वाधिक सर्चिंग की गई है। वहीं हांगकांग, अल्माटी (कजाकिस्तान), पारो (भूटान), बाकू (अजरबैजान), डा नांग (वियतनाम), त्बिलिसी (जॉर्जिया) जैसे डेस्टिनेशन के बारे में भी लोग सर्च करने से पीछे नहीं हटे है।

# 10 साल में पीएम मोदी ने बदली भारत की छवि

## जातीय जनगणना के आधार पर समाज को बांटना चाहता है विपक्ष : सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लखनऊ में भाजपा राज्य मुख्यालय में एक मीडिया सेंटर के उद्घाटन के दौरान, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मोदी सरकार के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आम लोगों में मोदी सरकार को एक बार फिर सत्ता में लौटते देखने की तीव्र इच्छा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पिछले एक दशक में परिवर्तनकारी प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने देश की छवि को काफी हद तक बदल दिया है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आम लोगों में एक ही भावना है कि वे एक बार फिर मोदी सरकार चाहते हैं। पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश की छवि बदल दी है और उनके सकारात्मक प्रयासों ने भारत के लोगों का समर्थन अर्जित किया है। विपक्ष पर वार करते हुए योगी ने कहा कि कांग्रेस और कठऊक की मंशा अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों पर डकैती डालना है। इसके लिए वे सरकार में आना चाहते हैं और जातीय जनगणना कराना चाहते हैं। भाजपा नेता ने जोर देते हुए कहा कि जातीय जनगणना के आधार पर वे समाज को बांटना चाहते है। कांग्रेस की मंशा हमेशा सत्ता प्राप्त करने की रही है। वे देश की कीमत पर सत्ता प्राप्त करना चाहते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, 7 चरणों में 543 लोकसभा सीटों पर चुनाव होने हैं... रुझानों से पता चलता है कि लोगों के मन में एक बात है, 'एक बार फिर मोदी सरकार'...। इससे पहले योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में शरिया कानून लागू करने और जनता की सम्पत्ति का बंटवारा करने की मंशा जाहिर की है। योगी ने अमरोहा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने देश के साथ गद्दारी की है और एक बार फिर गद्दारी करने के लिए अपने झूठे घोषणापत्र के साथ आपके पास आए हैं।

# कन्नौज से खुद चुनावी मैदान में उतरेंगे अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव ने बताया कि अखिलेश यादव गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार को लेकर कोई भ्रम नहीं है। यह तब आया है जब पार्टी की स्थानीय इकाई ने उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम से अपने भतीजे तेज प्रताप सिंह यादव को समाजवादी पार्टी के गढ़ से मैदान में उतारने के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। इससे पहले सपा बदायूं, मेरठ, मोरादाबाद, मिश्रिख, गौतमबुद्ध नगर सीट से भी उम्मीदवार बदल चुकी है।

समाजवादी पार्टी ने सोमवार को तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया था। तेज प्रताप सिंह यादव की कन्नौज से उम्मीदवारी की घोषणा के बाद उन अटकलों पर विराम लग गया था कि समाजवादी पार्टी सुप्रीमो इस सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। जबकि सपा अपने कन्नौज लोकसभा उम्मीदवार के बारे में अनिर्णय में थी, भाजपा ने मौजूदा सांसद और उसके उत्तर प्रदेश महासचिव सुब्रत पाठक को चुना है और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने इमरान बिन जफर को निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

खबर यह भी थी कि पार्टी अपना गढ़ रहे कन्नौज को लेकर किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती थी। तेज प्रताप की उम्मीदवारी के ऐलान के बाद से ही सपा की लोकल यूनिट इस फैसले के विरोध में उतर आई थी। इनका कहना था कि तेज प्रताप को यहां कोई नहीं जानता। वे पार्टी की स्थिति कन्नौज से कमजोर होने देने का मौका नहीं चाहते। तेज प्रताप सिंह यादव, जो दिवंगत मुलायम सिंह यादव के पोते और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं, ने 2014-19 तक मैनपुरी लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया। 2014 के चुनाव में स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने आजमगढ़ और मैनपुरी से चुनाव लड़ा और दोनों में जीत हासिल की। बाद में उन्होंने मैनपुरी सीट छोड़ दी जहां समाजवादी पार्टी ने तेज प्रताप सिंह यादव को मैदान में उतारा।

# जनता की आंखों में धूल झोंक रही है कांग्रेस : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 'बौद्धिक सम्मेलन' को संबोधित किया। राज्य में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ हो रहे है। अपने संबोधन में राजनाथ ने कहा कि जब भी मुझे आंध्र प्रदेश आने का अवसर मिलता है तो मुझे यहां का जीवंत कल्चर, जबरदस्त संभावनाएं अपनी ओर आकर्षित करता है। वर्ष 2013 में जब आंध्र प्रदेश का विभाजन हुआ तो बहुत सारे बकाया मुद्दों का समाधान कांग्रेस ने नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि रिलीजन के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से ही समाज को बाँटने वाली तुष्टिकरण की राजनीति करती चली आ रही है। तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के ऊठअ में है।

राजनाथ ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी तो उन्होंने रंगनाथ मिश्र कमीशन और सच्चर कमीशन का गठन किया था। इन दोनों कमीशनों का उद्देश्य था कि कैसे एक संप्रदाय विशेष को अल्पसंख्यक कल्याण के नाम पर तरजीह दी जाए। स्वयं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी ने कहा था कि इस देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अगर किसी का है तो अल्पसंख्यकों का है और खासकर मुसलमानों का है। मेरा मानना है कि यह असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि वह आंध्र प्रदेश की कांग्रेस सरकार ही थी जिसने यहाँ कांग्रेसी के कम्युनल एजेंडे की पहली लेबोरेटरी बनाई थी और यहाँ पर मुस्लिम समुदाय को कंस्टीट्यूशन की धज्जियाँ उड़ाते हुए सरकारी नौकरियों में मजहब के आधार पर आरक्षण दिया गया।

# कांग्रस शासित राज्यों में बेटियों से दरिंदगी पर चुप क्यों है कांग्रेस हाईकमानः अनुराग ठाकुर

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हैदराबाद में पार्टी प्रत्याशी श्रीमती माधवी लता जी के विशाल रोड शो में हिस्सा लिया व पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस की बुरी नजर जनता की संपत्ति पर पड़ चुकी है। संपत्ति, संतान, सीमा और सनातन को कांग्रेस से सीधा खतरा है। ये लोग आपकी मृत्यु के बाद भी अपना वसूली टैक्स जारी रखना चाहते हैं। कांग्रेस आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों को नहीं बल्कि माइनॉरिटी के नाम पर घुसपैठियों को देना चाहती है क्योंकि वह उसके वोट बैंक हैं। स्पष्ट हो चुका है की कांग्रेस सनातन के बाद अब संतान विरोधी भी हो चुकी है।

अनुराग ठाकुर ने श्रीमती माधवी लता जी के साथ चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर के पूजा अर्चना भी की।

अनुराग ठाकुर ने उक्त बातें राहुल और राजीव गांधी जी के मेंटर और ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद कहीं जिसमें उन्होंने कहा है की भारतीयों की मृत्यु के बाद उनकी 55% संपत्ति सरकार को ले लेनी चाहिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस का सम्पत्ति, सीमा सनातन और संतान विरोधी चेहरा सामने आ चुका है। साफ हो गया है कि यह जो फाइनेंशियल और इकोनॉमिक सेंसस करने की बात करते हैं उसका हिडन एजेंडा यही है की आपकी मृत्यु के बाद आपकी कमाई आपके बच्चों के बजाय घुसपैठियों को दे दी जाए। देश को सोचना होगा कि क्या उनकी संपत्ति, उनके बच्चों की सुरक्षा, हमारी सरहदें और देश का भविष्य कांग्रेस के हाथों में सुरक्षित है?

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, राहुल गांधी और ओवैसी औरंगजेब की यूनिवर्सिटी से पढ़े हैं और उसी की भाषा बोलते हैं। राहुल गांधी ने ओवैसी के खिलाफ कैंडिडेट क्यों नहीं दिया? क्या ओवैसी राहुल गांधी की इ टीम हैं या राहुल गांधी ओवैसी की इ टीम हैं? इसीलिए जो काटने और टुकड़े करने की बात करते हैं उनकी पतंग ऐसी काटो कि वह फिर काटने और कटने की बात करने लायक ना रह जाएं। इनके फर्जी वोटो का जिन बोतल में हमेशा हमेशा के लिए बंद कर दीजिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि जहां एक ओर भारत तीरंदाजी में मेडल जीत रहा है तो वहीं दूसरी ओर हमारी बहन माधवी लता जी भी अपने तीर द्वारा अभेद्य किले को भेदने जा रही हैं। जबसे माधवी लता आई हैं ओवैसी लापता हैं। 40 वर्षों तक यहां राज कर गरीबों का हक मारने वालों की पतंग काटना जरूरी है।

# बांदीपोरा के जंगलों में संक्षिप्त गोलीबारी में सेना के दो जवान घायल

नई दिल्ली, बांदीपोरा के रांगी जंगलों में आतंकवादियों और सेना के बीच थोड़ी देर गोलीबारी हुई। सेना के दो जवान घायल हो गए, दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी के अनुसार, इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सेना बांदीपोरा के रंगी जंगलों के ऊपरी इलाकों में तलाशी अभियान चला रही थी। तलाशी अभियान के दौरान, छिपे हुए आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिससे दो सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। दोनों घायल जवानों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और वे सुरक्षित बताए जा रहे हैं। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स को बताया, ₹अरागाम, बांदीपुरा के रेन्जी वन क्षेत्र में सुबह-सुबह #आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच संपर्क स्थापित हुआ।

## संक्षेप

### आधा दर्जन से अधिक लोगों पर जानलेवा हमला करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा निवासी रामचंद्र ने प्रॉपर्टी डीलर राजेश, रामू, दीपक, धीरज लोधी, मंजीत, विशाल, महिपाल, सनी, विशाल कल्लू, मौसम और आकाश व अज्ञात के खिलाफ लाठी डंडों से हमला करने के साथ ही आग लगाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रामचंद्र का कहना है कि आरोपियों ने उसके ऊपर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। बाद में उसके आग लगा दी। जिससे वह झुलस गया। रामचंद्र के मुताबिक सभी आरोपी डाले में भरकर आए थे। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने बुलेट बाइक में मारी टक्कर, युवक घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के प्रगति विहार सोसायटी, न्यू बेहसा, बाग नंबर दो, अमौसी एयरपोर्ट निवासी सलमान ने बोलेरो गाड़ी (यूपी 32 एफएन 1571) के चालक के खिलाफ करीब सप्ताह भर पहले बुलेट में ठोकर मार कर घायल करने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सलमान का कहना है कि वह अंबालिका ईस्टिट्यूट एंड मैनेजमेंट में बीटेक प्रथम वर्ष का छात्र है। बीती 18 अप्रैल को शाम करीब 4:45 बजे कॉलेज से पढ़कर अपनी बुलेट से अकेले ही वापस घर लौट रहा था। सलमान का कहना है कि वह बिजनौर स्थित कमलापुर तिराहे पर जैसे ही पहुंचा, तभी बिजनौर की ओर से आ रही बोलोरो (यूपी 32 एफएन 1571) के अज्ञात चालक ने तेजी और लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सलमान गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए उसे लोक बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका अभी भी इलाज जारी है। फिलहाल सलमान की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बोलेरो नंबर के आधार पर उसके चालक का पता लगा रही है।

# आंधी नहीं इस बार मोदी का चल रहा तूफान : केशव

## मोदी की गारंटी है हर गरीब का विकास करके दिखाएंगे: डिप्टी सीएम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के रजवाड़ा लॉन में बुधवार को बीजेपी बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की इस बार लोकसभा चुनाव में गर्मी है, लेकिन विपक्ष इस भीषण गर्मी में ठंडा पड़ गया है.उन्होंने कहा कि 2014 में नरेन्द्र मोदी की हवा थी। 2019 में आंधी थी और अब 2024 में तूफान चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रोकने के लिए भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए लोगों ने गठबंधन बनाया है। जनता इनके गठबंधन की गांठ खोलने वाली है। देश की जनता ने सपा-बसपा मुक्त उत्तर प्रदेश, कांग्रेस मुक्त भारत देश का संकल्प लिया. उन्होने कहा ₹ मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति कांग्रेस ने किया। हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास पर करती है काम। मोदी की गारंटी है हर गरीब का विकास करके दिखाएंगे हम. उन्होंने कहा कि मोहनलालगंज लोकसभा की सभी



विधानसभाओं से एक-एक लाख से अधिक वोटों से भाजपा प्रत्याशी को जिताना है साथ ही अपील की कि मोहनलालगंज से कौशल नहीं मोदी-योगी व केशव प्रसाद मौर्य चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि अपने अपने बूथ मजबूत करें पिछली बार से 370 वोट अधिक डलवाएं

### "पिक्चर अभी बाकी है"

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 10 साल का शासन तो केवल ट्रेलर मात्र है पिक्चर अभी बाकी है. जब चार जून को, चार बजे जब 400 पार होगा तब पूरी पिक्चर रिलीज होगी। और 2024 में हमारी सरकार बनने पर सामान्य नागरिकता कानून लाया जाएगा। और 70 साल से अधिक आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड का सीधा लाभ मिलेगा जिसमें 5 लाख तक का मुफ्त इलाज होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष माधवेंद्र देव सिंह, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, लोकसभा सांसद प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, विधायक जय देवी कौशल, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा संयोजक अरुण सिंह गप्पू, मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत, सिधौली विधायक मनीष रावत, बख्शी का तालाब विधायक योगेश शुक्ला, श्री कृष्ण लोधी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरेंद्र पांडेय धीरू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर आशु, ब्लॉक प्रमुख निर्मल वर्मा, मीनू वर्मा, ज्ञान ठाकुर, प्रधान संघ अध्यक्ष प्र. अखिलेश सिंह अंजू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय सिंह व आसपास क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष सहित बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अमेठी से राहुल गांधी का चुनाव लड़ना लगभग तय

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राहुल गांधी का अमेठी से चुनाव लड़ना अब तय माना जा रहा है। इस संदर्भ में केंद्रीय नेतृत्व की तरफ से प्रदेश कांग्रेस को संकेत भी दे दिए गए हैं। राहुल संभवतः पहली मई को नामांकन करेंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल के अमेठी से चुनाव लड़ने पर पार्टी ने मुहर लगा दी है, लेकिन रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। 27 अप्रैल तक दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की संभावना है।

अमेठी की सीट कांग्रेस का गढ़ रही है। 1967 में अस्तित्व में आई इस सीट पर पहला चुनाव कांग्रेस ने जीता था। इसके बाद से लेकर अभी तक 13 बार कांग्रेस और दो बार भाजपा इस सीट पर चुनाव जीती है। 1980 में संजय गांधी ने इस सीट पर चुनाव जीता था। उसके बाद 1984, 1989, 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जीत दर्ज की थी। 1999 का चुनाव सोनिया गांधी ने जीता था, इसके बाद 2004, 2009 और 2014 का चुनाव राहुल गांधी ने जीता था। 2019 में भाजपा की स्मृति ईरानी ने राहुल को 55,120 वोटों से हरा दिया था।

2019 में वह दो स्थानों से चुनाव लड़ा था और वर्तमान में केरल की वायनाड से सांसद हैं और वहां से इस बार भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी के वायनाड से चुनाव लड़ने की वजह से संभावना थी कि शायद उनके स्थान पर कांग्रेस किसी और को प्रत्याशी बनाए। सपा के साथ गठबंधन के बाद कांग्रेस प्रदेश की 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। रायबरेली और अमेठी को छोड़कर बाकी 15 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है। दोनों सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू हो रही है।

# पार्टी में हर्ष फायरिंग का वीडियो सोसल मिडिया पर वायरल होने के बाद पार्षद गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक पार्षद का पार्टी दौरान हर्ष फायरिंग का वीडियो सोसल मिडिया प्लेटफार्म पर मंगलवार को जमकर वायरल हुआ था जिस पर वायरल वीडियो को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था अधिकारियो ने स्थानीय पुलिस को जाँच कर कार्यवाई का निर्देश जारी किया था वायरल वीडियो पर पुलिस उपायुक्त प्रबल कुमार सिंह ने अपना एक बयान जारी करते हुए वायरल वीडियो को एक वर्ष पुराना बताते हुए कहा कि वीडियो किसी अन्य जनपद का है जहाँ पार्टी के दौरान हर्ष फायरिंग किया गया है वीडियो में फायरिंग करने वाला व्यक्ति आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर राजनीखंड सेक्टर 6 निवासी बृजमोहन शर्मा पुत्र राम अभिलाष शर्मा है जिसके खिलाफ आशियाना थाने पर असलहा जब्त करते हुए शांतिभंग में कार्यवाई किया गया है

# गर्मी के कारण कक्षा आठ तक के स्कूलों का बदला समय

**मदरसों के समय में भी बदलाव**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। प्रदेश में पड़ रही अत्यधिक गर्मी को देखते हुए कक्षा आठ तक के स्कूलों व मदरसों का समय बदल दिया गया है। मासूमों के लिए ये राहत की खबर है। लगातार तापमान बढ़ रही है और इसके साथ ही लू से हाल-बेहाल है। बच्चों के लिए ये काफी परेशानी भरा है। इस गर्मी में बच्चे बीमार भी हो रहे हैं। इन सबको देखते हुए अब बदलाव किया गया है।

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा एक से कक्षा आठ तक के परिषदीय स्कूलों व मान्यता प्राप्त स्कूलों का समय बदल दिया गया है। अब परिषदीय विद्यालय सुबह 7:30 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक खुलेंगे। अभी तक यह सुबह आठ बजे से लेकर दोपहर दो बजे तक खुल रहे थे।

### मदरसों के भी बदले समय

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इसके निर्देश भेज दिए गए हैं। वहीं, दूसरी ओर मदरसों के समय में भी परिवर्तन कर दिया गया है। अब यह सुबह सात बजे से दोपहर 12:30 बजे तक खुलेंगे। उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की रजिस्ट्रार डा. प्रियंका अवस्थी की ओर से इसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### विद्यालयों में ओआरएस और दवा की उपलब्धता के निर्देश

निर्देश दिया है कि विद्यालयों में ओआरएस पैकेट के साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित की जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी। यह जानकारी बीएसए मनीष कुमार सिंह ने दी है।

# बेटे की बीमारी से मौत के बाद परेशान पिता ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। बेटे की बीमारी से मौत के बाद मानसिक रूप से परेशान चल रहे पिता ने मगंलवार की देर रात मोहनलालगंज के भेदुवा गांव के पास ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा मजरा कटुवाखेड़ा गांव निवासी किसान रामगोपाल(54वर्ष) के बड़े बेटे विनोद की तीन साल पहले कोरोना की चपेट में आकर मौत हो गयी,जिसके बाद से पिता रामगोपाल परेशान रहने लगे थे ओर अपना मानसिक संतुलन खो दिया था। छोटे बेटे आशीष ने बताया मगंलवार की रात साढे नौ बजे के करीब पिता रामगोपाल घर से बिन बताये निकल गये ओर वापस नही लौटे जिसके बाद गांव में इधर उधर खोजबीन की गयी लेकिन उनका कुछ पता नही चल सका। बुद्धवार की सुबह गौरा के भेदुवा गांव के पास अज्ञात युवक के ट्रेन से कटने के सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज व फोटो से कोतवाली पहुंचकर बेटे आशीष ने मृतक की शिनाख्त अपने पिता रामगोपाल के रूप में की। मृतक के परिवार में पत्नी कृष्णा व एक बेटा आशीष है। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया परिजनो को पुलिस के साथ मर्चरी भेजकर मृतक के शव की शिनाख्त कराने के बाद पंचनामे की कार्यवाही पूरी कर पीएम के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया गया। प्रथम दृष्टया जांच में बड़े बेटे की बीमारी से मौत के बाद परेशान चल रहे पिता रामगोपाल द्वारा ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या किये जाने की बात पता चली हैं।

# विरासत टैक्स विवाद पर सरोजनीनगर विधायक ने रखा पक्ष, आंकड़ों के साथ, कांग्रेस की नीयत पर उठाया सवाल

- कांग्रेस पार्टी विदेशी ताकतों के प्रभाव में, तभी कर रही विरासत टैक्स की बात – डॉ. राजेश्वर सिंह
- कांग्रेस की नीयत देश की संस्कृति और परिवार रूपी संस्था के लिए हानिकारक और खतरनाक – डॉ. राजेश्वर सिंह
- मेहनत की कमाई छीनने की कांग्रेस की मानसिकता नृशंस – डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट करते हुए डॉ. सिंह ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका की तर्ज पर विरासत टैक्स लगाए जाने की वकालत पर तीखी टिप्पणी करते हुए सरोजनीनगर विधायक ने लिखा कि भारत में, परिवार और संबंधों के बंधन बहुत मजबूत हैं, जो हमारे देश, संस्कृति और धर्म की नींव हैं। लोग न केवल अपने लिए नहीं बल्कि अपने बच्चों और परिवार के लिए कमाने का प्रयास करते हैं। बच्चों और परिवार के दूसरे सदस्यों के लिए अर्जित मेहनत की कमाई को छीनने की कांग्रेस की मानसिकता को नृशंस बताते हुए डॉ. सिंह ने लिखा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस के लोग विदेशी ताकतों के प्रभाव में हैं और उनका लक्ष्य हमारी पारिवारिक व्यवस्था को तोड़ना और हमारे समाज को कमजोर करना है।

सरोजनी नगर विधायक ने विदेशों में परिवार रूपी संस्था के संबंध में आंकड़े शेयर करते हुए लिखा कि कमजोर परिवार और रिश्तों की व्यवस्था के कारण विदेशों में आत्महत्या और अवसाद की दर सबसे अधिक है। अमेरिका में तलाक की दर प्रति 1,000 विवाहित महिलाओं पर 14.56 तलाक है, जो तलाक की सबसे अधिक संभावना वाले 100 देशों में से 19वें स्थान पर है, जबकि भारत में, 2022 में यह प्रति 1,000 लोगों पर केवल 0.01 (लगभग 1%) है, एक दुनिया में सबसे कम में से एक है। इसी तरह, शराब की लत से ग्रसित अमेरिका की कुल आबादी का 13.9% है, जबकि भारत में यह 4.9% है। संयुक्त राज्य अमेरिका में 10 में से 1 से अधिक लोगों में अवसाद व्याप्त है, जबकि भारत में यह अभी आधे से भी कम है। विधायक ने आगे जोड़ा कि आत्महत्या के संबंध में, अमेरिका में प्रति 1 लाख जनसंख्या पर 14.51 की दर और दुनिया में 31वीं रैंक है जो भारत की तुलना में बहुत अधिक है। सरोजनी नगर विधायक ने लिखा कि कांग्रेस द्वारा विरासत पर टैक्स की बात करना न केवल शर्मनाक है बल्कि देश, संस्कृति और परिवार रूपी संस्था के लिए हानिकारक भी है।

# युवक ने वर्कशाप से गाड़ियों के पुराने पार्ट्स किया चोरी

**वर्कशाप मालिक ने दबोचा किया पुलिस के सुपुर्द,**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित फिनिक्स माल के निकट संचालित एक निजी वर्कशाप से युवक ने गाड़ियों के पुराने पार्ट्स बोरी में भर चोरी कर भागने लगा। वही वर्कशाप मालिक ने आरोपी को राहगीरों की मदद से दबोचा स्थानीय थाने की पुलिस के सुपुर्द कर लिखित शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित आजाद नगर निवासी मो0 आजम पुत्र मो0 सलीम ने बताया कि उसका कृष्णा नगर इलाके स्थित फिनिक्स माल से ज्वाला देवी मन्दिर जाने वाले रास्ते पर एक डे नाइट नामक वर्कशाप संचालित है। बीते 23 अप्रैल को वह अपने वर्कशाप पर मौजूद था और गाड़ी सही करने में व्यस्त था कि इसी मौके का फायदा उठाकर एक अज्ञात लड़का वर्कशाप से गाड़ियों के पुराने पार्ट्स एक बोरी में रखकर चोरी कर ले जाने लगा कि खटपट की आवाज सुन वर्कशॉप मालिक ने रुकने को कहा तो चोरी का सामान लेकर तेजी से फिनिक्स माल की तरफ भागने लगा जिसे उनलोगो ने दौड़ाकर पकड़ लियो पूछताछ में शातिर ने अपना नाम मुमरेज खान पुत्र करीम खान ग्राम हलुमारी जिला बरपटा आसाम निवासी के रूप में दिया हैं आरोपी युवक को स्थानीय थाने की पुलिस के सुपुर्द कर लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

# पीएनबी एटीएम मशीन की कैश डिस्पैन्सर की आसमाजिक तत्वो ने बदली पट्टी, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । आशियाना थाने से चंद कदमों की दूरी पर लगे पीएनबी एटीएम मशीन की कैश डिस्पैन्सर की पट्टी आसमाजिक तत्वो ने बदल डाली। जिसकी जानकारी होने पर बैंक शाखा प्रबंधक ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत की है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक, शाखा खजाना मार्केट आशियाना के शाखा प्रबंधक भानु प्रताप सलपुरम के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर के ब्लॉक थाना आशियाना के सामने पीएनबी एटीएम मशीन की कैश डिस्पैन्सर की पट्टी आसमाजिक तत्वो द्वारा बदलने व एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ की शिकायत उनके ई सर्विलांस टीम के द्वारा आ रही थी। जिसमे चलते उन्होंने जालसाजी करके ग्राहको का पैसा अराजक तत्वों द्वारा नहीं निकाला जा सके। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय थाने में शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रबंधक की शिकायत पर धोखाधड़ी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बुजुर्ग मां को बेटे बहू ने पेन्शन का पैसा न देने पर पीटा, दी धमकी

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में रहने वाली एक बुजुर्ग महिला ने अपने बेटे बहू पर पेन्शन का पैसा न देने पर मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित दुगार्पुरी ब्लन्ट स्कावयर निवासी 68 वर्षिय बलबीर कौर पत्नी स्व कुलदीप सिंह ने बताया कि पीडिता का एक राजवीर सिंह है। बेटा व बेटे की पत्नी कुलप्रीत कौर उर्फ नेहा उनके साथ रहते हैं। आरोप है कि उनकी पेन्सन का लेने के लिए बहू बेटा उन्हें पिछले कई वर्षों से मारते पीटते और है। बीते 23 अप्रैल को बेटा राजवीर व बहू नेहा की मम्मी लाडी कानपुर की अचानक उनके घर आ गई और उन्हें बिस्तर पर पटककर लात घूसों से मारने लगे। जिसका विरोध करने पर सभी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। जिसका वीडियो उनके पास है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि पीडिता की शिकायत पर मारपीट व धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी उड़ाई

**मेड़ईखेड़ा गांव में बैखोफ चोरो ने दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर पांच लाख के जेवरात व नगदी उड़ाई**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। हुलासखेड़ा मजरा मेड़ईखेड़ा गांव में अरूण यादव अपनी पत्नी सुनीता व मां धर्मावती, छोटे भाई अर्जुन के साथ रहता है, अरूण यादव ने बताया वो मोहनलालगंज कस्बे में स्थित एक निजी ज्वैलर्स की दुकान में काम करता है, उसकी पत्नी अपने मायके चली गयी थी, बुद्धवार की सुबह वो ओर छोटा भाई अपने काम पर चला गया, घर पर मां धर्मावती अकेली थी, दोपहर दो बजे के करीब मां घर के दरवाजे में ताला बंदकर पड़ोस में चाची के घर काम से चली गयी, जिसका फायदा उठाते हुये बैखोफ चोर दीवार फादकर घर के अंदर घुसकर कमरो के दरवाजो समेत इसके अंदर रखी अलमारी व कई बक्सो का ताला तोड़कर उसमें रखी विवाहिता दो बहनो संगीता व अनीता समेत पत्नी सुनीता के पांच लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात व चालीस हजार की नगदी चुरा ले गये। चाची के घर से लौटी मां ने घर के कमरो के दरवाजो के ताले टूटे व अंदर सामान बिखरा देखा तो उसके होश उड़ गयें। मां की सूचना के बाद काम से लौटे बेटे अरूण यादव ने हुलासखेड़ा चौकी पुलिस से दिनदहाड़े घर में हुयी चोरी की घटना की पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद चौकी इंचार्ज अनूप सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित ने शिकायत की है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# लखनऊ में जलकल विभाग की लापरवाही से खुले मेनहोल में गिरा बच्चा, मौत

लखनऊ। जलकल विभाग की लापरवाही और अकर्मण्यता के कारण राजधानी में मंगलवार को आठ वर्ष के बच्चे शाहरुख की खुले मैनहोल में गिरने से मौत हो गई। जलकल विभाग के अभियंताओं ने सारा ठीकरा ठेकेदार और सुपरवाइजर पर फोड़ दिया, लेकिन अभियंताओं से एक सवाल तक नहीं, जिनकी लापरवाही से मैनहोल को ढक्कन नहीं मिला और मासूम की जान चली गई। जानकीपुरम विस्तार सेक्टर दस में हुई यह मौत जलकल विभाग के अभियंताओं को कठघरे में खड़ा कर रही है। शाहरुख खान जानकीपुरम में बनी आश्रयहीन कालोनी में परिवार के साथ रहता था। भाई शानू ने बताया कि शाहरुख स्कूल से आने के बाद दोनों बहनों के साथ भंडारे में प्रसाद लेने के लिए जा रहा था।

# स्कूल के दराज का लकर तोड़ ढाई लाख रुपये चोरी

## प्रधानाचार्य ने चपरासी पर लगाया चोरी का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके में संचालित एक निजी स्कूल के दराज का लकर तोड़ ढाई लाख रुपये चोरी हो गए। वही स्कूल प्रधानाचार्य ने चपरासी पर चोरी का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित गढ़ी कनौरा में संचालित आजाद बाल विद्यालय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य राधे लाल भार्गव पुत्र स्व नत्थालाल निवासी प्रेमवती नगर के अनुसार उन्होंने नई दिल्ली निवासी गौरव कुमार उर्फ राहुल पुत्र लालता प्रसाद को उन्होंने स्कूल का गेट खोलना, कार्यालय का गेट खोलना साफ-सफाई करना एवं छुट्टी के बाद सारे दरवाजे गेट को बन्द करना सब जगह ताले लगाने के लिए रक्खा था। आरोप है कि बीते 7 मार्च की सुबह करीब 7 बजे जब चपरासी गौरव कुमार स्कूल में मौजूद नहीं था और साथ ही स्कूल में खडी उसकी स्कूटी संख्या यूपी 32 के जेड मौजूद नहीं थी, उसके बाद उन्होंने देखा कि प्रधानाचार्य कार्यालय की मेज की दराज का लकर टूटा हुआ है और उसमें रक्खे ढाई लाख रुपये गायब होने के साथ स्कूल के पीछे का छोटा गेट भी खुला मिला और स्कूल में लगे कैमरों का डीवीआर बन्द मिला। वही पीड़ित का कहना था कि स्कूटी खोजबीन के दौरान बीते 10 मार्च को उन्हें चारबाग में नत्था होटल के समीप बने शौचालय के पास उनकी स्कूटी खड़ी मिली। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दे दिया तो पुलिस ने उनकी स्कूटी उनके सुपुर्द कर दिया। लेकिन आरोपी चपरासी उन्हें नहीं मिला जिसके चलते उन्होंने स्थानीय थाने में पुलिस से नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही जा रही है।

# जालसाजों ने टास्क के जरिए अधिक रुपये कमाने का झांसा देकर डेढ़ लाख रुपए ठगे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। साइबर जालसाजों ने बीते दिनों टास्क के जरिए अधिक रुपये कमाने का झांसा देकर बिजनौर के एक व्यक्ति से करीब डेढ़ लाख रुपए की रकम ठग ली। खुद के साथ धोखाधड़ी होने की भनक लगने पर पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिजनौर स्थित सरोजनीनगर रजिस्ट्री ऑफिस के सामने रहने वाले मो. समीर के मुताबिक बीती 29 मार्च को सोशल नेटवर्किंग साइट टेलीग्राम से उसके पास एक टास्क करने के लिए मिला। जिसमें उसने 1000 लगाए और उसको वापस 1300 रुपये मिले। अधिक रुपए पाने के लालच में मो. समीर उसमें पैसे लगाता चला गया। मो. समीर का कहना है कि धीरे-धीरे करके उसने 1,55,000 रुपये लगा दिए। लेकिन उसमें से एक भी रुपया वापस नहीं आया। उसने बताया कि यह रकम दो बैंक खाते में लगवाए गए। काफी देर बाद भी जब रकम वापस नहीं मिली तो उसे खुद के साथ धोखाधड़ी की भनक लगी। इसके बाद पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर बैंक खातों के आधार पर जालसाजों का पता लगा रही है।

सम्पादकीय

## क्लाइमेट चेंज पर विकसित देशों का रवैया चिंताजनक

जलवायु परिवर्तन के खतरे बेशक आम चुनाव के दौरान मुख्य मुद्दे न हो, लेकिन यह तेजी से बढ़ता वैश्विक संकट है। धरती पर तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, इसका प्रमाण बढ़ रही प्रचंड गर्मी है। क्लाइमेट चेज पर पेरिस करार के तापमान को डेढ़ डिग्री कम करने के संकल्पों की दिशा में ठोस प्रगति नहीं दिख रही है। इस बार भारत में भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। यूं तो मौसम विभाग ने मानसून के सामान्य रहने का अनुमान जारी किया है, लेकिन वैश्विक रिपोर्टों में अधिक गर्मी पड़ने का अनुमान है। ऐसे में विश्व बैंक, आईएमएफ बैठकों में जलवायु वित्त पर सुस्त प्रगति चिंता की बात है। विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकें जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए जरूरी खरबों डॉलर जुटाने की ठोस योजना के बिना खत्म हो गईं। इस साल अजरबैजान में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन (सीओपी29) में सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) या नए जलवायु वित्त लक्ष्य पर चर्चा होनी है। एनसीक्यूजी वह नई राशि है, जिसे विकसित देशों को 2025 से हर साल विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जुटाना होगा। अमीर देशों से उम्मीद की जा रही है कि वे 2020 से हर साल 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक जुटाएंगे, लेकिन वे बार-बार विफल रहे। हाल ही में हुए एक विश्लेषण से पता चला है कि विकासशील देशों में वित्तीय प्रवाह 2023 में नकारात्मक हो गया। इसका मतलब है कि इन देशों को बाहरी वित्तपोषण से मिलने वाली राशि से अधिक भुगतान कर्ज चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा के मकुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था ने 2020 से 3,300 अरब डॉलर खो दिए हैं। सबसे गरीब देश अपने बजट का 14 प्रतिशत से अधिक ऋण भुगतान पर खर्च करते हैं और ब्याज दरों में बढ़ोतरी से यह राशि बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से तमाम जलवायु परिवर्तन सम्मेलनों में विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने व वैश्विक तापमान में कमी लाने के लिए सहयोग करने के लिए क्षतिपूर्ति के तौर पर विकसित देशों की ओर से प्रति वर्ष 100 अरब डॉलर देने पर सहमति बनती है, लेकिन विकसित देश इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाते हैं। सबसे अधिक अमेरिका की ओर से हीलहवाली है। अब तो वैश्विक तापमान बढ़ने को लेकर अनेक अध्ययन डराने लगे हैं। पत्रिका 'एडवांसेज इन एटमॉस्फेरिक साइंस' में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, दुनिया के कई क्षेत्रों में एक साथ अत्यधिक गर्मी का अनुभव करना एक गर्म ग्रह का 'उभरता लक्षण' बन सकता है। वर्ष 2023 के मौसम और जलवायु की समीक्षा करने वाले नए अनुसंधान में कहा गया है कि पिछले वर्ष अनुभव की गयी कई घटनाएं गर्म होती दुनिया के बारे में पूर्व में की गयी भविष्यवाणियों के अनुरूप हैं। भविष्य में पृथ्वी के अत्यधिक गर्म होने पर साल की शुरुआत में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और चक्रवात के कारण अत्यधिक बारिश होने की आशंका है। दक्षिण पश्चिमी यूरोप, ब्राजील, मोरक्को और दक्षिण अफ्रीका में 2023 की वसंत ऋतु में गरम हवा देखी गई। उत्तर अमेरिका, दक्षिणी यूरोप, उत्तरी अफ्रीका और एशिया के कई क्षेत्रों में पिछले साल जुलाई में एक साथ रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखी गई। पिछले साल हवाई और कनाडा के जंगलों में लगी आग भी बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा रही है। गर्मी में उम्मीद से अधिक बढ़ोत्तरी बढ़ते तापमान की दस्तक है,चेतना होगा।



विश्लेषण

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था होगी मजबूत


इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ।


हाल ही में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते हुए कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वर्षा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है। इसी प्रकार हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की उम्मीद है जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन गाँवों में फ्रिज, दो पहलिया वाहन और टीवी की खरीदारी में सबसे उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में इजाफा हुआ है। यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्तरूप लेने में कोई दो माह बकाया है, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है उनमें कृषि भी प्रमुख है।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दुनिया में भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जियों के उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर, भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। साथ ही खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। निश्चित रूप से पिछले 10 वर्षों में कृषि एवं ग्रामीण विकास का नया आधार तैयार हुआ है। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र का योगदान करीब 15 फीसदी है। सरकार के द्वारा ग्रामीण एवं कृषि विकास के लिए एक के बाद एक रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। कृषि बजट में 10 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। किसानों के



सशक्तिकरण, फसलों के लिए किसानों को लाभप्रद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दिए जा रहे हैं। सरकार के द्वारा 11 करोड़ से अधिक किसानों के जनधन खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 3 लाख करोड़ रुपए सीधे हस्तांतरित होने जैसे प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में उर्वरक, बीज, कृषि रसायन, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण, जैसी कृषि क्षेत्र से जुड़ी हुई वस्तुओं के अधिक उपयोग से किसानों को लाभ हुआ है और इन सबसे जहाँ एक ओर भारत में कृषि क्षेत्र अधिक प्रतिस्पर्धी एवं लाभदायक बन रहा है, वहीं दूसरी ओर छोटे किसान अधिक लाभांवित हो रहे हैं।

जहाँ कोविड-19 की आपदाओं से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनियाभर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मुठ्ठियों में लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। भारत से अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के निर्यात में भारी वृद्धि देखी गई है। भारत के कृषि उत्पादों के बड़े बाजारों में अमेरिका, चीन, बांग्लादेश, वियतनाम, इंडोनेशिया, नेपाल, ईरान और मलेशिया शामिल हैं। कई छोटे देशों के बाजार भी मुठ्ठियों में आए है। उल्लेखनीय है कि विश्व बाजार में भारत के मसालों की खुशबू की धमक बहुत अधिक बढ़ी है। चूँकि मसाले की खेती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है, इसका असर वैश्विक बाजार में भारतीय मसालों की निर्यात मांग बढ़ने के रूप में रेखांकित हो रहा है।

इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां निर्यात में वृद्धि नहीं हुई है। इस समय भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण निर्यातों में 15 गुना वृद्धि है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं। एक डेयरी क्षेत्र, दो फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, तीन, अनाज का प्रसंस्करण, चार, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा पाँच, उपभोक्ता वस्तुएं पैकेट बंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के इन प्रमुख पांचों क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मुठ्ठियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभांवित हो रहे हैं।

यह बात महत्वपूर्ण है कि फरवरी 2024 में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थाई समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की उसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बड़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियाँ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा और सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि और ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा।

24 फरवरी 2024 को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया गया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी। देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

मुद्दा

एस.एन. वर्मा



## महिलाओं को जागरूक बनाने के लिए डिजिटल शक्ति

देश की आधी आबादी महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने की काफी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में जागरूक न होने के कारण अधिकाशं महिलाएं साइबर क्राइम का शिकार होती जा रही हैं। हालाकि देश भर में महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने में मदद करने के लिए जून 2018 में डिजिटल शक्ति की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रीय महिला आयोग के अनुसार पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा के बारे में परामर्श और सूझ-बूझ के बारे में अवगत कराया गया है। लेकिन यह संख्या का काफी कम है और यह सिर्फ बड़े शहरों तक ही सीमित है। बिहार,उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के शहरों की महिलाएं इस पहुंच से दूर है। जबकि उनकी आबादी इन छोटे शहरों में ही अधिक हैं और ये महिलाएं ही दूर दराज बैठे साइबर अपराधियों के शिकार आसानी से हो जाते हैं।

पहले हम यह जान लें कि डिजिटल शक्ति क्या है? डिजिटल शक्ति साइबर स्पेस में महिलाओं एवं बालिकाओं को डिजिटल रूप से सशक्त तथा कुशल बनाने की एक अखिल भारतीय परियोजना है। डिजिटल शक्ति महिलाओं को किसी भी अनुचित घटना के विरुद्ध खड़ा करने की पहल है, जो वे ऑनलाइन स्पेस में देख सकती हैं पिछले एक दशक में भारत में साइबर क्राइम की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। दुर्भाग्य से, इन अपराधों का एक बड़ा हिस्सा महिलाओं के खिलाफ होता है। इसका प्रमुख कारण भारत में प्रचलित भारी लैंगिक भेदभाव और डिजिटल ज्ञान की कमी भी हैं। एक और चुनौती यह है कि साइबर क्राइम के शिकार ज्यादातर महिलाएं शिकायत दर्ज नहीं कराती हैं। इसके पीछे सामान्य कारण या तो परिवार और कानून प्रवर्तन से समर्थन की कमी और उनमें जागरूकता का अभाव है। हालांकि साइबर क्राइम के लिए स्पेशलाइज्ड पोर्टल स्थापित किया गया है, लेकिन कई मामले अनसुलझे रह गए हैं। जिन मामलों से जुड़े और जुड़े मामले हैं, वे औसतन 6-12 महीने की रिपोर्ट में बताए गए हैं।

बताते चलें कि राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने नवंबर 22 में डिजिटल शक्ति अभियान के चौथे चरण का शुभारंभ किया था। यह अभियान, साइबर क्षेत्र में महिलाओं और लड़कियों को डिजिटल रूप से सशक्त और कुशल बनाने का एक अखिल भारतीय परियोजना है। महिलाओं और लड़कियों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन स्थान बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, डिजिटल शक्ति 4.0 महिलाओं को डिजिटल रूप से कुशल बनाने और ऑनलाइन माध्यम से किसी भी अवैध व अनुचित गतिविधि के खिलाफ खड़े होने के लिए जागरूक करने पर केंद्रित है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे साइबरपीस फाउंडेशन और मेटा के सहयोग से शुरू किया है। डिजिटल शक्ति की शुरुआत जून 2018 में देश भर की महिलाओं को डिजिटल क्षेत्र में जागरूकता के स्तर को बढ़ाने, लचीलापन अपनाने और साइबर अपराध से सबसे प्रभावी तरीकों से लड़ने में मदद करने के लिए की गई थी। पूरे भारत में इस परियोजना के माध्यम से 3 लाख से अधिक महिलाओं को साइबर सुरक्षा परामर्शों और सूझ-बूझ, रिपोर्टिंग और निवारण व्यवस्था, डेटा गोपनीयता और उनके लाभ के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग से अवगत कराया गया है। हालाँकि, अभी भी महिला जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत ऐसा है जिसके लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि साइबरस्पेस में जाने से समय पर महिलाएं सुरक्षित रहें, और सलाह और इंटरनेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाएं के कौशल से लाभ हैं। दूसरे चरण में, अभियान को वी थिंक डिजिटल - डिजिटल शक्ति अभियान के रूप में नया रूप दिया गया और 11 फरवरी 2020 को सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक ऑफ़लाइन कार्यशाला के साथ लॉन्च किया गया, जो लखनऊ में 300 से अधिक महिलाओं के लिए आयोजित की गई थी।

## मन में निर्भयता लाती है मां दुर्गा की भक्ति साधना



संकलित

दर्शन

वैसे तो हिंदी वर्षानुसार वर्षा, शरद, शिशिर, हेमंत, वसंत व ग्रीष्म- छह ऋतुएं होती हैं, लेकिन मुख्य रूप से दो ही प्रधान हैं- सर्दी व गर्मी। इन दोनों प्रधान ऋतुओं की संधि बेला को नवरात्रि की संज्ञा दी गई है। दिन और रात्रि के मिलन को संध्याकाल कहते हैं। इस महत्वपूर्ण समय को ईश्वर की आराधना, भजन, संध्या, वंदन व आध्यात्मिक साधना में लगाया जाना चाहिए, क्योंकि यह समय अत्याधिक लाभदायी और कम श्रम से अधिक फल देने वाला माना गया है। संध्या काल को पुण्य पर्व भी कहा गया है। आरोग्य शास्त्र के विद्वानों को विदित है कि आश्विन व चैत्र मास में जो सूक्ष्म परिवर्तन होता है, उसका प्रभाव शरीर पर कितनी अधिक मात्रा में पड़ता है। यह बदलाव स्वास्थ्य पर कई प्रकार से प्रभाव डालता है। अनेकानेक रोग, ज्वर, चेचक आदि मनुष्य पर हावी होने लगते हैं। वैद्य जानते हैं कि वमन, विरेचन, स्वेदन, वस्ति, रक्त मोक्षण आदि शरीर शोधन कार्यों के लिए आश्विन और चैत्र का महीना ही सर्वाधिक उपयुक्त होता है। ऐसे समय में ही साधना का महत्वपूर्ण पर्व आता है। हिंदू परंपरा के अनुसार, भारतीय पर्व और त्योहारों में नवरात्रि पर्व का अत्यधिक महत्व है। यह वर्ष में दो बार आता है। दुर्गावतरण की पावन कथा भी इसके साथ जुड़ी हुई है। देवत्व के संयोग से असुर निकंदिनी महाशक्ति के उद्भव का महत्व हर युग में रहा है। युग की भयावह समस्याओं से त्राण पाने के लिए युग शक्ति के उद्भव की कामना हर मन में उठती है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गये वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी माँगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आये हैं लेकिन चूँकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूँ। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहाँ लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## सर शादी लाल डिस्टलरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष द्वारा प्लांट को स्मूथ संचालन हेतु सभी को प्रशिक्षण दिया

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मुजफ्फरनगर स्थित सर शादी लाल डिस्टलरी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमपाल सिंह द्वारा प्लांट संचालन के साथ साथ तकनीकी बारीकियों एवं गुणवत्ता पूर्ण उत्पादों पर भी विशेष जोर दिया जाता है।इन्ही के अथक प्रयासों से पुनः सर शादी लाल डिस्टलरी बाजार में पुनः अपने को स्थापित करने की होड़ में आ खड़ी हुई है।इसके साथ ही ओमपाल सिंह ने कहा की सभी प्रमोटर और निदेशक का भी सहयोग है की कम्पनी को उसी ऊंचाई पर ले जाना है और दोबारा उत्तर प्रदेश की नंबर वन डिस्टलरी बनानी है। इसके साथ ही अब कंपनी अपने उत्पादों को यूपी के सभी जिलों में उपलब्ध कराएगी। ओमपाल जी से बात करते समय उन्होंने अपने लेखन शौक को भी साझा किया और निसंदेह उनके द्वारा रचित कविताएं एक एक शब्द अदभुत है उसकी कुछ प्रतिलिपिया।

**एहसास मेरे गांव का**

**मां पुकारा करती,**
**अरे!ओमपाल ओ भाई।**
**ऐसी चोरी हुई पलो की,लौट के वो सदा न आई**
**मर्म ऐसा था, उस आवाज में,बाद में शून्य ही है हर साज में।।**
**कितनी सत्ताएं बदली है, बात कहा जो थी उस राज में।**
**जिंदगी के आईने में देखा ये कल था, शेष नही कुछ आज में।**
**बस फक्र इस बात का है।**
**जन्मे बैल्ली धाम के राज्य में।**
**दुनिया में वो रंग कही थे।**
**जो उस रियासत के ताज में।**
**मां तो मां ही होती है।**
**मेरा गांव भी मां जैसा था।।**
**मेरा गांव तो ऐसा था।**
**मानो धूप में छाँव जैसा था।**
**जब सब बाल सखा शोर मचाते।ताऊ मथनी के घेर से।।**
**दौड़कर जान बचाते।बाबा घासी की लाठी के फेर से।।**

**शिकायते**
**आज दीवार तोड़ी है,**
**कल तो ये घर भी तोड़ेंगे।**
**भाई धीरज ध्यान से सुन,हम तेरे भाई को नही छोड़ेगे।**
**छोड़ी नही भाईयो ने कभी बाहें, कहा ढूंढे वो जुदा हुई रहे।**
**सामने पड़े हुऐ है,टुकड़े बिखरी यादों के।**
**न जाने कहा गए नगर उन कसमों वादों के।।**
**छोड़ सबको जाना था,तो याद भी अपनी ले जाते।।**
**कितना अच्छा होता,जन्म ही हम योगी बनकर लेते।**
**बस यही है हमारी यादों का पुंज।।**



**ओम पाल सिंह**

एमएससी, पीजीडीबीएम, एल्को वेब कानपुर,

वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्लांट

करंट अफेयर

## तालिबान को आतंकी सूची से हटाने रूस कर रहा विचार

अधिकारियों ने संकेत दिया है कि रूस फिलहाल तालिबान को आतंकवादी संगठनों की सूची से हटाने पर विचार कर रहा है। इस संबंध में हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन उनके बढ़ते सौहार्दपूर्ण संबंधों का एक संकेत मई में रूस के कजान शहर में आयोजित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंच के लिए तालिबान का निमंत्रण है। रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने पहले भी तालिबान के साथ चर्चा शुरू की है, और जब संगठन ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण किया तो रूस एक राजनयिक को मान्यता देने वाले कुछ देशों में से एक था।



ऑफ बीट

## 'तनाव चक्र' को पूरा करने बर्नआउट से बचना होगा

क्या आप ऐसा समय याद कर सकते हैं जब आपने जीवन की एक बड़ी घटना से पहले तनाव महसूस किया हो और फिर बाद में ऐसा महसूस हुआ जैसे कोई बोझ उतर गया हो? यह प्रक्रिया – तनाव प्रतिक्रिया का तेज होना और फिर इसे वापस शांत महसूस करना – 'तनाव चक्र' के पूरा होने को दर्शाता है। दैनिक जीवन में कुछ तनाव अपरिहार्य है। लेकिन तनावग्रस्त रहना अस्वास्थ्यकर है। लंबे समय तक रहने वाला तनाव हृदय रोग और स्ट्रोक और मधुमेह सहित पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों को बढ़ाता है। इससे उदासी या अवसाद भी हो सकता है।



### भाजपा एक पूजक पंथ बन गई

भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करती है। मोदी के 10 साल के शासन में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है।

-पी. चिदंबरम, कांग्रेस नेता



### खरीद क्षमता कम हुई

मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज 10 साल पहले की तुलना में आज कम है। धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के चलते वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता



## संक्षेप

### हादसाः कार की ठोकर से पुजारी घायल

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय मार्ग अराई पुलिया के पास अनियंत्रित कार चालक ने पुजारी बाबा रामदास निवासी टेंडवा अल्पी मिश्र थाना फखरपुर को ठोकर मार दी जिसमें वह गंभीर जख्मी हो गए मौके पर पहुंचे एस आई शैलेंद्र यादव द्वारा एंबुलेंस के द्वारा सीएससी फखरपुर भर्ती कराया गया जहां से हालात सीरियस होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है एस आई ने बताया परिजनों को सूचित कर दिया गया है बुजुर्ग की हालात सीरियस है।

### जनपद पहुँचें सामान्य प्रेक्षक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आई.ए.एस. अधिकारी अनिल राज राय जनपद पहुँच गये है। सामान्य प्रेक्षक श्री राय प्रतिदिन पूर्वान्ह 09:00 बजे से पूर्वान्ह 10:00 बजे तक रूम नं0-1, लोक निर्माण विभाग, बहराइच के गेस्ट हाउस में जनसामान्य से मिलने हेतु उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित किसी प्रकार के सुझाव/शिकायतों के सम्बन्ध में सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9336643866 अथवा उनके लाईजनिंग आफिसर के मोबाइल नम्बर 9717279623 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### अमेठी में सड़क हादसे में पिता-बेटे की मौत

**कार ने मारी टक्कर, देर रात शादी समारोह में शामिल होकर घर जा रहे थे**

अमेठी जिला, अमेठी में देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जहां निमंत्रण से लौट कर घर जा रहे बाइक सवार पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने दोनों घायलों को अमेठी सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटे को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज हादसा करने वाली गाड़ी की तलाश शुरू कर दी है। पिता-पुत्र की मौत के बाद पूरे कस्बे में शोक का माहौल है। दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के मुंशीगंज रोड स्थित फ्लाईओवर के पास का है। जहां देर रात करीब 12 बजे मुंशीगंज कस्बा के रहने वाले सब्जी व्यवसायी अम्बिका कनौजिया अपने बेटे लोकेश कनौजिया के साथ अमेठी कोतवाली क्षेत्र के महमदपुर गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर जा रहे थे।

# मिहींपुरवा में राष्ट्रीय बजरंग दल के सहयोग से पीले हुए बिटिया के हांथ

### नगर के श्री राम जानकी मंदिर परिसर में संपन्न हुआ विवाह कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच।एक जरूरतमंद कन्या के विवाह समारोह को संपन्न कराने में राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकताओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए विवाह सकुशल संपन्न करवाया। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार वर्मा के नेतृत्व में निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सनातन पद्धति से संपन्न कराया गया।नगर पंचायत मिहींपुरवा में स्थित श्री राम जानकी मंदिर में बुधवार को एक निर्धन कन्या का विवाह विवाह संपन्न कराया गया जिसमें राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं का विशेष सहयोग रहा। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि लड़की के माता पिता की मौत काफी पहले ही हो चुकी है। लड़की ककरहा गांव की रहने वाली है। परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं थी इसलिए यह बीड़ा हमारे संगठन के कार्यकताओं द्वारा उठाया गया। जिला अध्यक्ष हेमंत वर्मा ने कन्या का पांव पूज कर कन्यादान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार राष्ट्रीय अनुसूचित प्रकोष्ठ राज्य मंत्री राष्ट्रीय टीम योगी महासंघ तथा वशिष्ठ अतिथि गोपाल राय नेशनल अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान व बहन काजल सिंह जिला अध्यक्ष केंद्रीय लोक शिकायत एवं जांच संस्थान ने उपस्थित होकर वर वधू के जोड़े को शुभकामनाएं दी।इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री अनिल मिश्रा ,जिला उपाध्यक्ष नीरज मिश्रा,जिला महामंत्री वासु मदेशिया,तहसील उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, बंटी मदेशिया,अशोक कुमार प्रदीप गुप्ता तहसील महामंत्री अंकित गुप्ता तहसील मंत्री शिव प्रकाश तहसील महामंत्री अरविंद मदेशिया सहित काफी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित है।

# मोटर साईकिल रैली निकालकर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**बेसिक शिक्षा परिवार ने ठाना है, शत प्रतिशत मतदान करना है**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विकास खण्ड कैसरगंज के बीआरसी कुंड़ासर से ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो /मतदाता जागरूकता अभियान मोटरसाईकिल रैली निकाली गयी। मोटरसाईकिल रैली का मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी पंकज कुमार दीक्षित व खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय खण्ड शिक्षा अधिकारी जे बी चौधरी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। उपजिलाधिकारी ने कहा की लोकतंत्र का सही अर्थ मतदान में सहभागिता से है।लोगों को सारे काम छोड़कर मतदान करना चाहिए।शत प्रतिशत मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत होगा।इसलिये सभी मतदाता लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें।खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने कहा की सभी मतदाता ऐ प्रतिज्ञा ले की पहले मतदान करें फिर जलपान करें। अपना मतदान करें व अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करें की मतदान अवश्य करें। मतदान करना सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा की जब हम मतदान करेंगे तभी बदलाव आएगा, मतदान करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। खण्ड शिक्षा अधिकारी जे बी चौधरी ने कहा की मोटरसाईकिल रैली बेसिक शिक्षा परिवार कैसरगंज की तरफ से सैकड़ो मोटरसाईकिल द्वारा रैली निकाली जा रहीं जो की कुंडासर से होते हुए कैसरगंज,मंगल मेला, गोढ़िया होते हुए नई आबादी, लखनपुरवा के बाद लादौर में समाप्त करेंगे ब्लॉक के कोने कोने तक बेशिक शिक्षा परिवार की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जायेगा बहुत सी संख्या में लोग अपना मतदान नहीं करते हैं।उनको जागरूक करने की एक पहल है।उन्होंने लोगों से अपील किया की सभी मतदाता अपने अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

# बांदा में 1 लाख रुपए के लिए तोड़ी शादी

- 24 फरवरी को आनी थी बारात, शादी से पहले मांगे 1 लाख रुपए और बाइक

अमन लेखनी समाचार




बांदा, बांदा में 1 लाख रुपए दहेज नहीं देने पर ससुराल वालों ने शादी तोड़ी दी। वहीं, लड़की के पिता ने महिला थाने में तहरीर दी है। महिला थाने में 5 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। पूरा मामला बांदा जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नहर के पटरी के पास रहने वाले ने महिला थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी आगरा के मिलिट्री कॉलोनी के रहने वाले विजय से तय हुई थी। वहीं, शादी की डेट 24 फरवरी की थी। लड़की पक्ष वालों ने शादी की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन शादी के कुछ दिन पहले लड़के वालों का फोन आया और 1 लाख रुपए और एक बाइक की मांग करने लगे। जब पिता ने सामान और रुपए देने में असमर्था जताई तो लड़के पक्ष वालों ने शादी करने से मना कर दिया। लड़की ने पिता ने 5 लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। वहीं, पुलिस ने मामले को दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को....

**बैंक पर्ची, ओपीडी के पर्चो तथा बच्चों के होमवर्क की कापी पर लगेगी मतदान तिथि की मोहर**

**डीएम की ओर से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण-पत्र**

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई 2024 तथा 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल से बैंकों की जमा एवं निकासी पर्चियों, शासकीय चिकित्सालयों के ओपीडी के पर्चों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की होमवर्क की कापियों, नगर निकायों, शासकीय कार्यालयों द्वारा प्रतिदिन जारी किये जाने वाले पत्रों पर मतदान दिवस की मोहर लगायी जायेगी। इसके अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अग्रणी लीड बैंक प्रबन्धक, नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों को 50-50 हजार एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों 10-10 हजार तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी को 01 लाख आमंत्रण पत्र छपवाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के माध्यम से आमंत्रण पत्र उनके घरों को भिजवाएं जायेंगे। जबकि शासकीय चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों को ओपीडी के पर्चे के साथ आमंत्रण पत्र का वितरण भी किया जायेगा। इसी प्रकार नगर निकायों द्वारा सेवित क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले घरों में तथा बैंकों द्वारा अपने काउण्टर्स के माध्यम से मतदाता आमंत्रण पत्र का वितरण किया जायेगा।

## ए0के0 हास्पिटल हुआ सील

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। श्रावस्ती (भिनगा) निवासी कृपाराम यादव के गलत आपरेशन उपरान्त मृत होने के कारण सुर्खियों में आये ए.के. हास्पिटल को नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पी.के. वर्मा व उप जिलाधिकारी (न्यायिक) नानपारा ज्योति चौरसिया की संयुक्त टीम द्वारा हास्पिटल को सील कर दिया गया है। हास्पिटल को सील करते समय मौके पर कोई भी मरीज भर्ती नहीं पाया गया। उल्लेखनीय है कि चिकित्सक ए.के. मिश्रा के ऊपर लगे आरोपों की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई है। जांच आख्या के आधार पर सम्बन्धित चिकित्सक पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

## दा हेल्पिंग हैण्ड संस्था कतर्नियाघाट मे वन्य जीव संघर्ष रोकने के साथ महिलाओं को बनायेगी स्वावलम्बीसंस्थापक ने एफडी से मुलाकात कर कतर्नियाघाट में कार्य करने पर की चर्चा

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग में मानव वन्य जीव संघर्ष रोकने तथा जंगल की आस पास बसे जनजातीय समुदाय के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए एक संस्था आगे आ रही है। जो जंगल के आसपास के ग्रामीणों के जीवन में बदलाव लाने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोडा जाएगा । दा हेल्पिंग हैण्ड संस्था के संस्थापक शाश्वत राज ने दुधवा टाइगर रिजर्व के एफड़ी ललित वर्मा से मुलकात की।संस्थापक ने बताया की संस्था जल्द ही अपना कार्य कतर्नियाघाट मे शरू करने जा रही है जिसके लिए आज एफड़ी से कार्ययोजना पर चर्चा की गयी है जिसमे एफड़ी द्वारा कुछ महत्वपूर्ण बिंदु जैसे की मानव -वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए लोगो को और जागरूक करने के लिए, जंगल के समीप रहने वालो ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने को दृष्टि से सुझाव दिए गए है। शाश्वत राज ने यह भी बताया एफड़ी के मार्गदर्शन मे वन विभाग के साथ मिल कर ग्रामीणों को जीवन बेहतर करने के लिए कार्य करेंगे। संस्था कुछ महीनो मे अपने कार्य को सुचारु रूप से कतर्निघाट मे शरू कर देगी। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष तत्कालीन डीएफओ आकाशदीप बधावन के सहयोग से संस्था ने थारू जनजाति के लोगों को स्वावलंबी बनाने के लिए थारु संस्कृति व थारू व्यंजन पर कार्य किया था लेकिन वह योजना कुछ ही दिन ही चल सकी थी। अब संस्था आगे इस योजना को लेकर कार्य करने के लिए नई योजना तैयार कर रहा है।

# अमरोहा में अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा

- एक सवारी की मौके पर मौत, रेलवे पुल से उतरते समय हादसा, चालक की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में रेलवे फ्लाईओवर पर एचडीएफसी बैंक के सामने चौपला दिशा से आ रहा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से उसमें बैठा एक 50 वर्षीय व्यक्ति रिक्शा के नीचे दब गया।

साथ ही उसके सिर में भी गंभीर चोट लग गई, जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। हादसा गजरौला शहर में रेलवे फ्लाईओवर के आगे एचडीएफसी बैंक के सामने दोपहर हुआ। चौपला दिशा से आया ई-रिक्शा अनियंत्रित होने से पलट गया। ई-रिक्शा के नीचे दबने से मोहल्ला धुनपुरी निवासी 50 वर्षीय सतपाल पुत्र भगवानदास की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ई रिक्शा चला रहा चालक गिरिराज निवासी गांव पीपली दाऊद थाना रजबपुर घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है।

# मशीनरी स्टोर की दुकान और गोदाम में लगी आग

**लाखों का सामान जलकर राख, अंबेडकर नगर से बुलानी पड़ीं गाड़ियां**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर के दोस्तपुर में सोमवार को एक मशीनरी स्टोर की दुकान और गोदाम में आग लग गई। सुलतानपुर से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी पहुंची। हालांकि अंबेडकरनगर से दमकल की 4 गाड़ियां पहुंची, जिससे आग पर काबू पाया जा सका। आग से लगभग 50 लाख रुपए सामान की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र के शाही पुल स्थित भूषण मशीनरी स्टोर व गोदाम की है। यहां सोमवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने दुकान, गोदाम को अपनी आगोश में ले लिया। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आकर एक पिकअप गाड़ी भी जलकर राख हुई है। स्थानीय कस्बे के लोगों ने पहले स्वयं आग पर काबू पाने का प्रयास किया। अंत में सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर से फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। स्थानीय लोगों की मानें तो कादीपुर से फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी ही आग बुझाने पहुंच सकी। इसके बाद डीएम अंबेडकर नगर को सूचना हुई। उन्होंने एसपी अंबेडकर नगर को फायर सर्विस की गाड़ियां भेजने का निर्देश दिया। जिस पर अंबेडकर नगर से फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियां 20 मिनट के अंदर ही पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दुकान मालिक करुणा शंकर जायसवाल ने बताया कि आग से लगभग 50 लाख रुपए का भारी नुकसान हुआ है। उधर सूचना मिलते ही जिला अग्नि शमन अधिकारी, सीओ कादीपुर विनय गौतम, एसओ दोस्तपुर राम आशीष उपाध्याय व एसओ बेवाना मनोज शुक्ला मौके पर पहुंचे थे। सीओ विनय गौतम ने बताया कि करुणा शंकर का पीवीसी पाइप्स का बड़ा गोदाम है, जिसमें शॉट-सर्किट से आग लगी है। इसमें अंबेडकर नगर और सुल्तानपुर की 5 फायर ब्रिगेड की टीम व स्थानीय पुलिस ने सहयोग कर आग पर काबू पाया। अंदर ज्वलनशील पदार्थ मोबी आयल हैं इसलिए उस पर काम चल रहा है।

**मौत** | **अमरोहा में लगातार 45 मिनट वीडियो देखा, फिर गिरा और शरीर अकड़ गया**

# मोबाइल देखते-देखते 11वीं के छात्र को आया हार्ट अटैक, मौत

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में मोबाइल पर वीडियो देखते-देखते 11वीं के छात्र की मौत हो गई। पिता पास में बैठे थे। वह बेड पर लेट कर 45 मिनट से वीडियो देख रहा था। तभी एकदम से बेसुध होकर लुढ़क गया। हाथ से मोबाइल छूट कर जमीन पर गिरा तो पिता का ध्यान उस पर गया। बेड पर पड़ी उसकी बॉडी अकड़ गई थी। शरीर में कोई हलचल नहीं थी। पिता उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत बता दिया। डॉक्टरों ने शुरूआती जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। घटना सैदनंगली थाना क्षेत्र के ढक्का गांव की है। दिलशाद कुरैशी परिवार के साथ ढक्का गांव में रहते हैं। परिवार में पत्नी मुमताज के अलावा 4 बेटियां और 2 बेटे थे। जिनमें अमन (16) दूसरे नंबर पर था। पिता ने बताया, रविवार शाम करीब 4 बजे मैं खेत से आया। अमन ने मुझसे मोबाइल मांगा और कमरे में बेड पर बैठकर फनी वीडियो देखने लगा।मैं और मेरी पत्नी मुमताज कुछ दूरी पर बैठे थे। अभी 45 मिनट ही बीते थे तभी अमन मोबाइल देखते-देखते अचानक बेड पर लुढ़क गया। उसके हाथ से मोबाइल छूट कर जमीन पर गिर गया। ये देखते ही मैं दौड़कर अमन के पास पहुंचा। उसे हिलाने-डुलाने लगा, लेकिन उसके शरीर में कोई हरकत नहीं हो रही थी। मैंने उसे धक्का देकर उठाना चाहा तो देखा कि उसकी बॉडी अकड़ी हुई है। पिता ने बताया, ये देखते ही मैंने पत्नी को बुलाया और बेटे को लेकर पास के ही निजी डॉक्टर के पास गए। जहां डॉक्टर ने चेक-अप के बाद बेटे को मृत बता दिया। इसके बाद भी हम जिंदगी की आस में उसे संभल के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां भी डॉक्टर ने हार्ट अटैक से उसकी मौत की पुष्टि की। दिलशाद कुरैशी रोते हुए बोले-मेरा बेटा कभी बीमार नहीं हुआ। वो बिल्कुल फिट था। उसे कोई परेशानी भी नहीं थी। पता नहीं कैसे उसे हार्ट अटैक आ गया। बेटे की मौत के बाद दिलशाद कुरैशी उसके शव को बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही घर लेकर चले आए। शव को देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। गांव के लोगों की भीड़ लग गई। सोमवार सुबह करीब 9 बजे अमन के शव को गांव में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। हसनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर ध्रुवेंद्र ने बताया, परिजनों के मुताबिक जिस तरह से मोबाइल देखते समय छात्र की अचानक मौत हुई है। इससे साफ है कि छात्र की मौत हार्ट अटैक के चलते ही हुई है। परिवार के लोगों ने पोस्टमॉर्टम नहीं कराया है। इसलिए अब आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाएगी। लखनऊ के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दीपक कुमार ने बताया, इस घटना के पीछे हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट की संभावना है। हालांकि इसमें डिटेल इन्वेस्टीगेशन जरूरी हैं। बच्चों में हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट के केस पहले भी सामने आए हैं। हार्ट अटैक या हार्ट प्रॉब्लम की फैमिली हिस्ट्री होने पर ऐसे खतरे की चांस बढ़ जाते हैं। इसके अलावा अगर पहले से किसी की हार्ट मसल्स कमजोर होती हैं। इस कंडीशन को कार्डियो मायोपैथी कहते हैं। ऐसे लोगों में कम उम्र में हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट होने की संभावना भी रहती हैं। ज्यादा मोबाइल देखने से हार्ट बीट में अचानक बड़ा बदलाव होने की आशंका भी रहती है।

# पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल

- गौकशी में फरार चल रहा था बदमाश, एक साथी मौके से फरार

अमन लेखनी समाचार



हापुड़, हापुड़ के पिलखुवा पुलिस की बाइक सवार दो बदमाशों की परतापुर के जंगल में पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जिसमें गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से चोरी की बाइक और तमंचा बरामद किये हैं। गिरफ्तार आरोपी गोकशी के मामले में वांछित चल रहा था। सीओ पिलखुवा जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार की देर शाम पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक सवार दो बदमाश परतापुर रोड से गुजर रहे है। पुलिस टीम को आता देख बदमाश भागने लगे। जिनकी पुलिस ने घेराबंदी करनी शुरू कर दी। तभी बदमाशों ने पुलिस टीम पर गोली चला दी, जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी नाहल निवासी वसीम मौके से फरार हो गया। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश बुलंदशहर के गुलावठी निवासी सलमान है, वह गोकशी के आरोप में वांछित चल रहा था। इसके द्वारा 10 अप्रैल की रात को परतापुर रोड पर गोकशी की घटना को अंजाम दिया गया था।

## संक्षेप

### सोनभद्र में चुआंड से पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

#### हर घर जल योजना नगवां ब्लाक के पिछड़े इलाकों में हुई फेल, दो गांवों में पेयजल की समस्या

सोनभद्र, सोनभद्र के नगवां ब्लाक के अति पिछड़ा क्षेत्र मे आज भी आदिवासी ग्रामीण चुआंड से पानी पीकर के जीवन यापन कर रहे,इसी क्षेत्र से पंडरी के सहपुरवा व पचपेंडियां गांव में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है और तत्काल पानी की सुविधा उपलब्ध कराए जाने की मांग किया है। सरकार के हर घर जल योजना इन दिनो इस गांव मे फेल हुई है जिससे इस क्षेत्र के रहवासि चुआंड से पानी पीकर के जीवन यापन कर रहे।ग्रामीणों का कहना है कि आस पास के हैंडपंप भी बिगड़ गया है हर घर जल नल योजना से भी पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों को पानी पीने के लिए भी नहीं मील पा रहा है पानी के लिए परेशान ग्रामीण सुमन देवी, जवाहर लाल, मुरली मनोहर, कांग्रेस भारती, नीतीश कुमार, सरस्वती देवी, लीलावती देवी आदि ने बताया कि हम सब पीने के लिए गन्दा पानी चुआंड से लाकर पी रहे हैं, ग्राम प्रधान की मनमानी रवैया से तंग आ चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम प्रधान से कहने पर भी पानी का सप्लाई न तो टैकर से कराया जा रहा है और न ही हर घर जल नल योजना से ही पानी सप्लाई कराया जा रहा है।

### बग्घानाला पुल और वैष्णो मंदिर के बीच की सड़क उखड़ी

#### रेलवे विभाग की निगरानी में हुआ था निर्माण, 20 दिन में खुली भ्रष्टाचार की पोल

सोनभद्र , सोनभद्र के ओबरा तहसील स्थित डाला बग्घानाला पुल और वैष्णो देवी मंदिर के बीच में बनी नई सड़क बीस दिन भी नहीं चल पाई। यह सड़क टूट कर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।बग्घानाला पुल के साथ सड़क बनने का इंतजार सालों से हो रहा था। बग्घानाला पुल 20 दिन पूर्व चालू हुआ तो लोगों को लगते हुए जाम से छुटकारा मिल गया।पुल बनने के दोनों तरफ नई सड़क बनाई गई है। ओबरा तहसील स्थित डाला बग्घानाला पुल पुल से मंदिर के बीच 20 दिन भी नहीं चल सका। पुल और सड़क बनाने की जिम्मेदारी के साथ रेलवे विभाग कार्यो की देखरेख कर रहा था, जो जिम्मेदारी पूर्वक देख नहीं सका।पुल के पास बनी सड़क टूट कर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।जब केन्द्र सरकार का सबसे बड़े रेलवे विभाग द्वारा गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं हो सका तो किस पर विश्वास किया जा सकता है।पुल और सड़क बनाने के लिए 10 महीनों का डायवर्जन दिया गया था, जिससे राहगीरों को कुल 10 किमी की यात्रा अतिरिक्त करनी पड़ती थी।

वहीं, पुल चालू होने के बाद निरिक्षण करने आए रेलवे के डिप्टी चिप इंजीनियर शशि कुमार ने लगातार 2 दिन आकर हर बिंदुओं पर निरिक्षण किया था, लेकिन 20 दिन के भीतर टूटे सड़क ने रेलवे विभाग के समस्त खानापूर्तियों उजागर कर दिया।

# आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल द्वारा यूपीडीए एवं यूएसजीसी के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश डिस्टलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के शुक्ल, जनरल सेक्रेटरी रजनीश अग्रवाल, द्वारा इथेनॉल क्षेत्र में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 23.04.2024 को नई दिल्ली में यूपी डिस्टिलर्स एसोसिएशन (यूपीडीए) और यूएस ग्रेन्स काउंसिल (यूएसजीसी) के बीच एक अभूतपूर्व समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह वास्तव में एक ऐतिहासिक दिन और कार्यक्रम था जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश डिस्टलरी एसोसिएशन के अध्यक्ष एस के शुक्ल ने की और इस एमओयू की घोषणा अमेरिकी राजदूत एच.ई. एरिक गारसेटी ने किया। इस अवसर पर यूएसजीसी के चेयरमैन ने बताया की यू.एस. ग्रेन्स काउंसिल (यूएसजीसी), अमेरिकी कृषि विभाग के तहत अमेरिका की एक सर्वोच्च संस्था है। यूएसजीसी जौ, मक्का, ज्वार और डिस्टिलर के सूखे अनाज घुलनशील (डीडीजीएस) और इथेनॉल सहित संबंधित उत्पादों के लिए निर्यात बाजार विकसित करता है। 28 स्थानों पर पूर्णकालिक उपस्थिति के साथ, काउंसिल 50 से अधिक देशों और यूरोपीय संघ में कार्यक्रम संचालित करती है और भविष्य के दृष्टिकोण को से देखते हुए उच्च उपज वाले किस्म के बीज विकसित करने के लिए भारतीय कृषि क्षेत्र और पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई से उतरना, पारिस्थितिकी तंत्र में उच्च इथेनॉल मिश्रणों के एकीकरण के लिए नवीनतम अमेरिकी / वैश्विक




प्रौद्योगिकियों से नवीन खेती और लॉजिस्टिक प्रथाओं की स्थापना करना, और किसानों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए है। मकई मूल्य इथेनॉल सह-उत्पादों को अधिकतम करना, डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाना आदि इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आईजीएल के बिजनेस हेड और यूपीडीए के अध्यक्ष एस के शुक्ल ने बताया की यूपीडीए भारत के इथेनॉल सम्मिश्रण कार्यक्रम (ईबीपी) में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और वैश्विक इथेनॉल शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने, मक्का विकास के लिए अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग करने और जैव ईंधन और अनाज में निवेश और प्रौद्योगिकी प्रवाह के लिए इन्वेस्ट इंडिया के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने जैसी पहलों में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। यह सामूहिक प्रयास उद्योग के विकास, नवाचार और तकनीकी उन्नति के प्रति यूपीडीए की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने बताया की प्रदेश में कुल 30 अनाज आधारित और 100 से अधिक आसवनियों का सञ्चालन हो रहा है और इन दोनों प्रकार की आसवनियों द्वारा 350 करोड़ बल्क लीटर के उत्पादन से ब्राण्डेड देशी शराब के 45 बिलियन यूनिट् पैक्स बनाकर 11.87 प्रतिशत ब्लेंडिंग हासिल किया है और वर्ष 2024-25 में रू 456 बिलियन का उत्पाद शुल्क राजस्व उत्तर प्रदेश सरकार को देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। और बताया की उन्होंने पूर्वांचल को मक्के के उत्पादन हेतु सर्वप्रथम चुना और 80 एकड़ मक्के की फसल की बुवाई हुई है और इसके साथ ही इस अंतराष्ट्रीय समित में यूएस की नई तकनीकियों की बारीकियों को समझते हुए उसे भारत में कैसे अपनाया जाए और उत्पादन और रोजगार में वृद्धि हो इस पर भी गहनता से विचार किया, एस के शुक्ल ने कहा की आज भारत वैश्विक स्तर पर प्रत्येक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहा है क्युकी भारत में सबसे ज्यादा युवा है और युवा ही किसी देश की तकदीर और तस्वीर बदलते है आज डिस्टिलरियों में आईआई टी, आईबीएम, एम एन आईटी के छात्र भी जॉब के लिए आ रहें है आज पुराने दौर की डिस्टिलरियां नही है आज इनमे बहुत बदलाव हो गया है। नई तकनीकियों को अपनाने और नए प्रोजेक्ट लगाने से भी डिस्टलरी उद्योग पीछे नही हट रहा क्युकी उसके पास एसेट मैनेजमेंट है।इसके साथ ही एस के शुक्ल ने कहा की कुछ ही वर्षों में पूरे विश्व में यूपी बायो ईंधन उत्पादन में नंबर वन पर रहेगा।रजनीश अग्रवाल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया और एस के शुक्ल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की निसंदेह आप सदैव इंडस्ट्री, इंडस्ट्री सम्बन्धित उद्योगों एवम किसानों के हित के लिए तत्पर रहते है। उक्त कार्यक्रम में यूएसजीसी के चेयरमैन, अध्यक्ष और सीईओ, निदेशक दक्षिण एशिया के साथ-साथ यूपीडीए के महासचिव, रेडिको खेतान लिमिटेड के संस्थापक-संरक्षक सदस्य और अन्य राजनयिकों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही।

## छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के स्वर्गीय रामरती देवी कन्या इंटर कॉलेज देईपार ,पिपरौली बाजार के इस वर्ष के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट में सफलतम छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रबंधक राम नेवाज पांडेय ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के बाद पुरस्कार पाने से विद्यार्थियो का हौसला अफजाई होता है। उनके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है। ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होते रहनी चाहिए।विद्यालय के समन्वयक परमेश्वर पांडेय ने सफलतम छात्र-छात्राओं को भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी।आज कुल 105 हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के छात्र- छात्राओं को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य सत्यवती मिश्रा, सतीश कुमार सिंह, अशोक गौतम, अरुणेश शुक्ला, गणेश निगम, चंदन कुमार, राम प्रकाश मिश्रा , सुरेंद्र शुक्ला ,सिद्धि यादव, संजय तिवारी, माया शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## फसल काटते हुए किसान की सर्पदंश से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर



अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहरारी गांव निवासी 55 वर्षीय किसान मजदूर हरि शंकर यादव की गेहूं की फसल काटते समय जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में कोहराम मच किया आनन फानन किसान को नजदीकी जिला अस्पताल हमीरपुर ले जाया गया जहां उपचार के दौरान किसान की सांसें थम गई विश्वसनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार किसान भोर पहर सूर्योदय से पहले अपने खेतों में लगे निजी नलकूप के समीप गेहूं काट रहा था जहां अचानक जहरीले कीड़े अर्थात सर्प ने डह लिया जिससे किसान की मौत हो गई प्रशासन ने किसान का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करते हुए विधिक कार्रवाई की

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो की हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर।जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र अंतर्गत दो बाइक सवारों में भीषण हादसा हुआ मोटरसाइकिल में भीषण भिड़ंत हो गई जहां टक्कर खाकर एक मौके पर ही मौत हो गई दूसरी मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए मिली जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय युवक अवधेश यादव पुत्र राजा यादव निवासी दुबेपुर कंपटीशन की तैयारी कर रहा था जहां एक निमंत्रण में नजदीक के गांव डारी खुर्द गया था लौटते समय चौराहे के समीप हादसा हो गया वहीं दूसरी गाड़ी में सवार की थाना कोतवाली बिंदकी के कोरिया गांव निवासी निसार एवं अमर शर्मा जा रहे थे सूचना पाकर पहुंचे थाना अध्यक्ष योगेश कुमार सिंह ने मृतक को शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया वहीं घायलों का उपचार चल रहा है



## चोरों ने घर से नकदी व जेवरात किए पार

अमन लेखनी समाचार

सहजनवां, गोरखपुर।सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के नगर पंचायत घघसरा के वार्ड संख्या 2 अमर सिंह नगर में मंगलवार की रात चोरों ने छत की सीढ़ी के रास्ते घुसकर नकदी समेत हजारों के जेवर चुरा ले गए। पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस को घटना की सूचना दी गई है।मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।मकान मालिक हरिनाथ शर्मा ने पुलिस को बताया कि मकान निर्माण के लिए 26000 रुपए नकद समेत पायल कर्णफूल, पैर की बिछिया वगैरह उठा ले गये

## सीतापुर में सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

- कार ने मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार 4 युवक घायल; अस्पताल में कराया गया भर्ती

अमन लेखनी समाचार

सीतापुर, सीतापुर में दो अलग-अलग सड़क हादसे हुए हैं। यहां एक बुजुर्ग की कार की टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से चार अन्य लोग घायल हो गए। यह चारों लोग एक ही बाइक पर सवार थे।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू की है। मामला पिसावां थाना क्षेत्र के जल्लापुर चौराहे का है। कपूरपुर गांव के गया प्रसाद राठौर (45) पुत्र रामनाथ राठौर रविवार की शाम अपनी साइकिल से बरगावां चौराहे पर खरीददारी करने आए थे।यहां से वह चप्पल खरीद कर वापस जा रहे थे। जब वह जल्लापुर चौराहे पर पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उन्हें टक्कर मार दी।जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। जबकि अनियंत्रित कार कुछ दूर आगे जाकर पलट गई। मौका पाकर कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा।दूसरा हादसा जल्लापुर चौराहे से पिसावां रोड का है। रविवार को ही चौराहे से करीब 200 मीटर आगे पिसावां की ओर एक बाइक पर सवार होकर चार लोग जा रहे थे।पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने इन्हें साइड मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर खाईं में जा गिरी और चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अचेत होने के चलते उनकी शिनाख्त नहीं हो पाई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए पिसावां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।



## चाय दुकान पर तोड़फोड़ करते पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल

### जौनपुर में है 24 घंटे चलने वाली दुकान; आरोपी के बचाव में पुलिस अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

जौनपुर, जौनपुर में चाय की दुकान पर पुलिसकर्मी की दबंगई और तोड़फोड़ का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो 20 दिन पुराना बताया जा रहा है लेकिन स्थानीय एनजीओ ने जब से यह वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, तब से यह वायरल है। इस वीडियो पर जौनपुर पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस का बचाव किया और कहा कि ऐसी दुकानें असामाजिक तत्वों का अड्डा बन जाती हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने दुकान बंद कराने की बात कही थी लेकिन कई बार कहने पर भी दुकानदार अपनी मनमानी से दुकानें चलाते हैं। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय दुकानदार को डंडे से धमकाते दिख रहे हैं।वहीं अगली स्लाइड में वे दुकान पर रखे सामान को डंडे से तोड़ते दिख रहे हैं।दुकानदार की इस आपबीती को जन कल्याण सेवा संस्थान के एक्स प्रोफाइल पर पोस्ट किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डीजीपी यूपी, पीएमओ, मानवाधिकार आयोग, डीएम जौनपुर और एसपी जौनपुर समेत प्रमुख लोगों को टैग करके इंसाफ की अपील की गई है। पीड़ित चाय दुकानदार समर बहादुर उर्फ संभल निवासी गोबरहां खुटहन ने कहा कि 4 जिलों को जाने वाले चौराहे पर हमारी दुकान 24 घंटे खुलती है।इससे यहां के लोगों और आने जाने वाले राहगीरों को चाय बिस्किट मिल जाता है।बताया कि उसकी यह दुकान कई दशक पुरानी है और 24 घंटे लगातार खुलती रही है। चौराहे से 25 मीटर की दूरी पर सरकारी अस्पताल भी है और रात में मरीजों के तीमारदारों के लिए उसकी दुकान ही आसरा बनती है लेकिन पुलिस न जाने क्या दिक्कत है कि वे दुकान हटाने के लिए दबाव बना रहे हैं।सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने कहा कि दुकानदार को दर्जनों बार समय से दुकान बंद करने की ताकीद की गई थी। रात में खुलने वाली ऐसी चाय-पान की दुकानें अक्सर अपराधियों की अड्डेबाजी का केंद्र बनती हैं। एहतियातन पुलिस देर रात दुकानों को बंद करने के लिए अपील करती है। वायरल वीडियो में भी 23 मार्च, 1 अप्रैल और 21 अप्रैल का फुटेज लगा है। जब बात नहीं मानी तो कोतवाली प्रभारी ने उसे कार्रवाई की धमकी दी और डराकर दुकान बंद कराने का प्रयास किया लेकिन इसके पीछे उनका उद्देश्य सिर्फ कानून व्यवस्था मेंटेन रखना था, ना कि किसी को नुकसान पहुंचाना।



## जौनपुर में अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

- 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 3 कट्टा और एक कारतूस भी हुआ बरामद

अमन लेखनी समाचार



जौनपुर, जौनपुर के थाना कोतवाली पुलिस द्वारा रविवार को अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। पुलिस ने 3 कट्टा, एक कारतूस, एक अर्धनिर्मित रिवाल्वर और शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ 4 आरोपियों को गिरप्तार किया है।पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर कानूनी कार्रवाई कर रही है।सीओ देवेश सिंह ने बताया कि सभी आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर से सूचना मिली की थाना क्षेत्र के वाजिदपुर उत्तरी के पास राजा साहब के तालाब के पास 4 हिस्ट्रीशीटर तमंचा की फैक्ट्री संचालित कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने टीम मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने झाडियों मे संचालित अवैध फैक्ट्री का निर्माण की जगह पहुंची।पुलिस टीम ने घेरबंदी कर वसीम अहमद निवासी खवाजगी टोला थाना कोतवाली जौनपुर, महमूद उर्फ अब्दुल मजीद निवासी कटघरा थाना कोतवाली, बाबू खां निवासी मुफ्तीमोहल्ला थाना कोतवाली, अनिल राजभर निवासी वाजिदपुर उत्तरी थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। सीओ देवेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं, जिनकी तलाश पुलिस पिछले कई महीनों से कर रही थी।

## बाइक भिड़ंत में दो युवक हुए घायल



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलारी मोड़ के समीप दो बाइक चालकों में भीषण भिड़ंत हुई जहां बाइक सवार 40 वर्षीय विश्राम सागर पुत्र स्वर्गीय कल्लू निवासी जमालपुर जनपद कानपुर तथा दूसरा युवक 40 वर्षीय संत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी परसेंढा थाना चांदपुर को गंभीर चोटें पहुंची आनन फानन राहगीरों ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर देखते हुए नजदीकी जनपद कानपुर के लाला लाजपत राय अस्पताल रेफर कर दिया खबर लिखते समय तक दोनों घायलों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है

## मेरठ के मीनाक्षीपुरम में देखा गया तेंदुआ

- क्षेत्र के लोगों में दहशत, वन विभाग की टीम ने शुरू की पेट्रोलिंग

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ के गंगानगर स्थित मीनाक्षीपुरम में तेंदुए की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पनप गया। तेंदुए की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। तेंदुए की तलाश में जुट गई, वहीं क्षेत्र के लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए, पुलिस और वन विभाग की टीम तेंदुए की तलाश में पेट्रोलिंग और कांबिंग कर रही है। देर रात मीनाक्षीपुरम में तेंदुआ देखा जाने के बाद दहशत फैल गई, जिसके बाद मीनाक्षीपुरम के लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो गए। तेंदुआ देखने के बाद क्षेत्र के लोगों ने मामले की जानकारी वन विभाग और पुलिस को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से तेंदुए के बारे में जानकारी लेने के बाद पेट्रोलिंग और कांबिंग शुरू कर दी। वही तेंदुआ देखे जाने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है अभी कुछ दिन पूर्व ही वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए को लाल कुर्ती थाना क्षेत्र स्थित गांव कसेरूखेड़ा से रेस्क्यू किया था। रेस्क्यू के दौरान तेंदुए ने गांव के ही एक युवक पर हमला भी कर दिया था, जिसमें युवक घायल हो गया था। अब युवक वन विभाग की टीम से मुआवजा मांग रहा है, वहीं रविवार को क्षेत्र में फिर से तेंदुए की आहट से सन्नाटा पसरा हुआ है। डीएफओ राजेश कुमार ने कहा कि डिफेंस कॉलोनी के निकट मीनाक्षी पुरम के आसपास से तेंदुए की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम द्वारा पूरे इलाके में लगातार पेट्रोलिंग एवं कांबिंग की जा रही है। आसपास ज्यादातर पक्का सर्फेस होने के कारण पगमार्क नही मिल पाए हैं।



## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों के चलते युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। मुस्करा थाना क्षेत्र के बसवारी गांव में 19 वर्षीय एक युवती ने अपने मकान के कमरे में अपनी मां की साड़ी के फंदे से पंखे पर लटककर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बसवारी गांव निवासी रविता (19)पुत्री वीरेंद्र कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते अपने मकान के कमरे में अपनी मां की साड़ी के फंदे पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका रविता ने 2 साल पहले ही पढ़ाई छोड़ घर में ही रहकर घर के कामों में सहयोग करती थी। जो अपने पीछे छोटे भाई सत्यम उर्फ रिंकू, छोटी बहन रैंसी को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। मामले में मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### हाइवे किनारे दुकान तोड़ बेकाबू डंफर दीवार से भिड़ा

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। नेशनल हाईवे में मुख्यालय में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे पर मंगलवार रात तेज रफ्तार डंपर सड़क किनारे चाय-पान की दुकान को तहस-नहस करते हुए नर्सिंग होम की दीवार से जा टकराया। घटना के बाद डंपर चालक भाग निकला। मंगलवार रात 11 बजे के बाद कानपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर रानी लक्ष्मीबाई पार्क के पास बीयर की दुकान से सटे धर्मेंद्र की चाय-पान की दुकान में घुस गया। डंपर ने पूरी दुकान तहस-नहस कर दी और पास में नर्सिंग होम की दीवार से जा टकराया। धर्मेंद्र ने बताया कि इस घटना से उसकी दुकान का फर्नीचर, बारदाना आदि सब खराब हो गया है। उसे अच्छी-खासी चपत लगी है। इससे पहले भी एक बार उसकी दुकान में इसी तरह ट्रक घुस चुका था। पीड़ित ने थाने में चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

# भाजपा ने अमेठी में सपा में लगाई बड़ी सेंध, विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाइयों ने ज्वॉइन की पार्टी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। भाजपा ने अमेठी जिले में सपा में बड़ी सेंध लगाई है। राज्यसभा चुनाव में सपा से बगावत कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने वाले अमेठी की गौरीगंज सीट के सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह के दो भाई उमेश प्रताप सिंह और पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश प्रताप सिंह उर्फ सुरेन्द्र प्रताप सिंह मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गए।

उमेश प्रताप सिंह की पत्नी और गौरीगंज की ब्लाक प्रमुख रूमा सिंह ने भी भाजपा का दामन थाम लिया। उप मुख्यमंत्री और भाजपा की प्रदेश स्तरीय ज्वाइनिंग समिति के अध्यक्ष ब्रजेश पाठक ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में इन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।



### इन लोगों ने भी ली भाजपा की सदस्यता

इनके अलावा भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले अमेठी के अन्य सपा नेताओं में मुसाफिरखाना के ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, शुकुल बाजार ब्लाक प्रमुख रहमतूलनिशा, जिला पंचायत सदस्य धर्मेश धोबी व राम सुफल पासी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवकली, श्याम किशोर (कल्लू) व राम तिलक पाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजपति देवी और पूर्व ब्लाक प्रमुख वन्दना श्रीवास्तव शामिल थे।

ब्रजेश पाठक ने कहा कि आप सभी के जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी। देश व प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही है। बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। आप सभी अपने क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने और अमेठी की भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी को भारी जीत दिलाने के लिए काम करें।

### चालक को नीद आने से बोलेरो पेड़ में टक्करा गई उसमें बैठ लोग बुरी तरह से घायल हुए

गाजीपुर जिले में सैदपुर थानाक्षेत्र के डहरा कलां गांव में चालक को झपकी आ जाने के चलते बारातियों से खचाखच भरी एक बोलेरो पेड़ से टकरा गई। गाड़ी में सवार कुल 8 लोग घायल हो गए। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पहुंचे सैदपुर थाने के चीता पुलिसकर्मी गौरव सिंह ने तत्काल सभी घायलों को एंबुलेंस बुलाकर उन्हें सैदपुर सीएचसी भेजा। हुआ ये जौनपुर के चंदवक स्थित अटहलपुर गांव से एक बारात सादात गई हुई थी। वहां शादी बीतने के बाद एक बोलेरो में सवार कुल 8 बाराती वापिस लौट रहे थे। अभी वो डहरा कलां में ही पहुंचे थे कि संभवतः चालक को झपकी आ गई और वो गाड़ी लेकर पेड़ से टकरा गया। घटना में बोलेरो में सवार अटहलपुर गांव निवासी चंदन 28 पुत्र राजनाथ, लालू, रोशन 15 पुत्र संतोष, मनीष 30 पुत्र रामनाथ यादव, आदित्य 12 पुत्र अरविंद, मंगल यादव 30 पुत्र मूलचंद, सत्येंद्र 17 पुत्र राजेंद्र व सचिन यादव 30 पुत्र रामप्रवेश बुरी तरह से घायल हो गए।

## राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 07 ग्राम हेरोइन के साथ 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र के निर्देशन मे मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं नेतृत्व मे दिनांक 23.04.2024 को उ0नि0 बृजेश कुमार पाण्डेय मय हमराह हे0का0 संदीप कुमार यादव, हे0का0 आशीष कुमार यादव व का0 विजय प्रसाद गौड़ के वाहन चेकिंग के दौरान मो0सा0 पर सवार दो नफर अभियुक्तगण को 07 ग्राम अवैध हेरोईन के साथ तीनताली तिराहा के पास से समय 23.15 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर थाना पर वादी मुकदमा उ0नि0 श्री बृजेश कुमार पाण्डेय के फर्द पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 295/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट बनाम 1. राजु पुत्र लल्लन नि0 बहुअरा थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 44 वर्ष 2. हजरत पुत्र महबूब नि0 बहुअरा थाना रॉबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत मे जिला कारागार गुरमा भेजा गया।

# इलेक्ट्रो होमियोपैथिक मेडिसिन का 49वां स्थापना दिवस सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। बुधवार को इलेक्ट्रो होमियोपैथिक स्टडी सेंटर कार्यालय में बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होमियोपैथिक मेडिसिन उत्तर प्रदेश का 49वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्टडी सेंटर के प्रबंधक डॉ. भूपराज श्रीवास्तव ने कहा कि चिकित्सा व्यवसाय करने के लिए चिकित्सीय अर्हता के साथ संबंधित चिकित्सा परिषद में पंजीकरण के साथ-साथ जिस जनपद में चिकित्सा व्यवसाय कर रहे है या करना चाहते है उस जनपद में स्थानीय स्तर पर भी पंजीकरण होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल 1975 को ही बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन उ.प्र.को पूरे संवैधानिक अधिकारों के साथ स्थापना की गई थी। चूंकि उत्तर प्रदेश सरकार ने मात्र एक ही संस्था बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन उ.प्र. को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के विकास हेतु कार्य करने के लिए शासकीय आदेश दिया है। इस अवसर पर जिला कार्यालय प्रभारी ई.एच. डॉ. पुष्पा सिंह कुशवाहा, प्रबंधक डॉ. भूपराज श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, डॉ. मो.शुएब, डॉ. प्रभात कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## वृक्ष मित्रों ने लिया शत प्रतिशत मतदान कराए जाने का संकल्प

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। जनपद में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत यमुना पथ वे पर आयोजित गोष्ठी में वृक्ष मित्रों को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि आप लोगों के प्रयास से जिस प्रकार वृक्षों को तैयार कर यमुना पथ वे पर रौनक आई है। उसी प्रकार आगामी लोकसभा चुनाव 20 मई को शत-प्रतिशत मतदाताओं से मतदान कराकर जनपद का मतदान प्रतिशत सबसे ज्यादा रखें। इस अवसर पर स्वीप कोऑर्डिनेटर अकबर अली ने कहा कि इस बार जनपद के मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट डालकर मतदान के प्रति जागरूकता दिखानी है। जिससे यह संदेश जाए कि जनपद एक अच्छे लोकतंत्र में जागरूक सहभागी है। इस मौके पर आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, करन पाल सिंह मौदहा डैम, डी एन पांडेय रेंजर वन विभाग, जलीस खान समाजसेवी, सुमन पाल, नीलम सचान, मनीराम वर्मा, डा. अवधेश मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। संचालन वृक्ष मित्र संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र वीर सिंह चौहान ने किया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क पहुंचकर मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किये निरीक्षण

**कार्मिको के प्रशिक्षण के लिये किया गया अभिनव प्रयास-प्रोजेक्टर के माध्यम से ई0वी0एम0 मशीन के माध्यम से कार्मिकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण**

**लोक सभा सामान्य निर्वाचन में लगे पोलिंग पार्टी से सम्बन्धित कार्मिक पूरे मनोयोग से प्राप्त करें प्रशिक्षण, निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कराये सम्पन्न-जिला निर्वाचन अधिकारी**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का जायजा लिये, इस मौके पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/मुख्य विकास अधिकारी श्री सौरभ गंगवार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 सहदेव कुमार मिश्र, जिला विकस अधिकारी शेषनाथ चैहान सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में मतदान कार्मिकों को दिये जा रहे प्रशिक्षण के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर सीधा संवाद कर जानकारी प्राप्त की, इस दौरान उन्होंने इंजीनियरिंग कालेज के विभिन्न कक्षों में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, मतदान कार्मिकों से ई0वी0एम0 मशीन के संचालन, मशीनों को कैसे जोड़ा जायेगा, कन्ट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वी0वी0 पैट को जोड़ने का क्या क्रम होगा, मॉक पोल कैसे होगा, मतदाता रजिस्टर क्या होता है, मॉकपोल की पर्ची किस लिफाफे में रखकर सील की जाती है, पीठासीन की डायरी क्या होती है आदि के बिन्दुओं से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 एवं विधान सभा उप निर्वाचन, दुद्धी के निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु सभी मतदान कार्मिक गंभीरता पूर्वक एवं पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान किसी भी मतदान कार्मिक को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े और वह मतदान प्रक्रिया को बेहतर ढंग से सम्पन्न करा सके। इस दौरान उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के दौरान यदि किसी मतदान कार्मिक को किसी प्रकार की प्रक्रिया को समझने में कोई असुविधा या समस्या हो तो उसका निराकरण तत्काल कर दें, जिससे कि कार्मिक को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान समस्या का सामना न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि जो भी मतदान कार्मिक किसी कारणवश अब तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर पायें हैं, वह अगले दिवस में प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त कर लें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को जानकारी देते हुये बताया कि मतदान कार्मिको को ई0वी0एम0 मशीन तथा वी0वी0 पैट चलाने के लिये इस बार प्रत्येक प्रशिक्षण कक्ष में प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है, जिससे मतदान कार्मिकों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए आर0एस0 मौर्या, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कृषि अधिकारी हरिकृष्ण मिश्र, जिला सशक्तिकरण कल्याण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## छात्रा ने घर अंदर फंदा लगाकर दी जान

**पुलिस ने शव को कब्जे लेकर भेजा पोस्टमार्टम को**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। कस्बे की गुटखा फैक्टरी के पास रहने वाली एक बीए की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। छात्रा के सुसाइड नोट को पुलिस ने बरामद किया है। जिसमें अपनी स्वेच्छा से आत्महत्या करने की बात लिखी है।

सुमेरपुर कस्बे की गुटखा फैक्टरी के पास रहने वाले शिवमंगल साहू की पुत्री सेजल साहू 18 वर्ष बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। बुधवार को सुबह करीब 9.30 बजे वह नहाने के लिए घर के अंदर बने एक खपरैल वाले कमरे में चली गई। उसके बाद उसकी मां सीमा साहू राशन लेने के लिए कोटेदार के यहां चली गई। तभी सूना घर पाकर उसने खपरैल वाले कमरे में लगी बल्ली में रस्सी डालकर गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। राशन लेकर जब मां वापस आई तो पुत्री के दरवाजा न खोलने पर दूसरे की छत से चढ़कर देखा तो उसे फंदे में लटकते देखा। इस पर उसने अपनी राजमिस्त्री पति सहित पड़ोसियों को जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज राहुल मिश्रा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कस्बा इंचार्ज ने बताया कि छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसने अपनी स्वेच्छा से आत्महत्या करने की बात लिखी है। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका पांच बहनों व एक भाई में सबसे बड़ी थी।

# गाजीपुर जिले के सैदपुर एसडीएम सैदपुर ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

अमन लेखनी समाचार




गाजीपुर जिले में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद में मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी सैदपुर की अध्यक्षता में तहसीलदार सैदपुर खण्ड विकास अधिकारी/ खण्ड शिक्षा अधिकारी /बाल विकास परियोजना अधिकारी सैदपुर एवं अधिकारी व कर्मचारी के साथ अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरी झण्डी दिखाकर मतदाता जागरूकता बाईक रैली निकाली गयी जो ब्लाक से होते हुए सैदपुर चौराहे से हाइवे होते हुए ब्लाक पर जाकर समाप्त किया गया। बाईक रैली के दौरान लोगो ने शत-प्रतिशत मतदान करने का नारा दिया। हम अपना कर्तव्य निभाएँगें सबसे मतदान कराऐंगे, चुनाव आयोग का है आव्हान सबको करना है मतदान, एक दो और तीन चार मतदान का दृढ़ विचार, स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान सबको शिक्षा और मतदान, भारत भाग्य विधाता हूँ अब तो मैं मतदाता हूँ अपनी सरकार स्वयं चुनूंगा मै औ मतदान जरूर करूंगा, सच्चा योग्य इंसान चुनो अपने मत से आप चुनो, एक वोट से होय फैसला मतदाता का यही हौंसला, अपनी सबकी जिम्मेदारी है आम चुनाव की तैयारी है, ई.वी.एम.में नहीं है खोट बटन दबाओ लगता वोट, का नारा लगाते हुए 01 जून को शत-प्रतिशत मतदान देने की अपील की। रास्ते में जगह-जगह रुककर मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाते हुए लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। उपजिलाधिकरी सैदपुर ने कहा कि जितना अधिक मतदान होगा, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने रैली में शामिल सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, के साथ दिव्यांगजनो को भी घर घर जाकर जागरूक किया जाय। इसी क्रम में विकास खण्ड भॉवरकोल में यूनियन बैंक द्वारा बैंक मित्र, स्टाफ तथा शाखा प्रबंधक के साथ खाता धारको को 01 जून, 2024 को बैक मित्र महिलाओं एवं गॉव-गॉव, गली गली रैली द्वारा लोगो को पूरी निष्ठा से अधिक संख्या में लोग को जागरूक किया जा रहा है जो कि मतदान करने के 1जूनकी वोट देने केलिए जनता से अपील किया गया।

## ओबरा पुलिस द्वारा एक वारण्टी को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आगामी लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में थाना ओबरा पुलिस द्वारा आज दिनांक 24.04.2024 को एक नफर वारंटी कलीम खाँ पुत्र महबूब खाँ निवासी चोपन रोड गुरुद्वारा के पास थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 50 वर्ष को सम्बन्धित माननीय न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती अधिपत्र मु0नं0-1026/11 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम कलीम में गिरफ्तार कर मा0न्यायालय भेजा गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों में लगी आग

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा इलाके में बुधवार दोपहर बेंती गांव में घरों के बगल झाड़ियों में आग लगने से हड़कम्प मच गया। आनन फानन लोगों ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पाकर सरोजनीनगर फायर स्टेशन प्रभारी सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची दो दमकल गाड़ियों के जरिए आनन फानन आग पर काबू पा लिया गया। बताते हैं कि बुधवार दोपहर बेंती गांव में तकिया मोहल्ले के पास अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों से धुआं उठने के साथ ही आग की तेज लपटें उठने लगी। घरों के बगल आग लगने से लोग दहशत में आ गये और आनन फानन उन्होंने सरोजनी नगर फायर स्टेशन पर इसकी सूचना दी। उधर घर में आग लगने की सूचना पाकर अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंची दो दमकल गाड़ियों ने कुछ ही देर में आग पर काबू कर लिया। एफएसओ सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। उनका कहना है कि घरों के बगल झाड़ियों में आग लगी थी, लेकिन लोगों ने घरों में आग लगने की सूचना दी। जिस पर दो दमकल गाड़ियों के साथ पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि अगर तत्काल आग पर काबू नही पाया जाता तो आग फैल कर घरों तक पहुंच जाती। सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक घटनाओं को रोकने के लिए मौके पर मौजूद लोगों को आग बुझाने और आग से बचने की जानकारी देने के साथ अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक ही किया गया।

## लोडर के अनियंत्रित होकर पलटने से 40 वर्षीय युवक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के ममना गांव के पास तेज रफ्तार लोडर के नियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार 40 वर्षीय एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक व्यक्ति के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नगर के सिकंदरपुरा मुहल्ला निवासी मोहित साहू (40)पुत्र परशुराम जलालपुर थाना क्षेत्र के भेड़ी गांव में स्थित माहेश्वरी माता के मंदिर में लगे मेले में अपनी दुकान लगाए हुए था। जो मेला समाप्त होने पर लोडर में सवार होकर वापस अपने घर आ रहा था। तभी रास्ते में तेज रफ्तार लोडर अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गया। जिससे लोडर में सवार मोहित साहू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक गांव देहातों में लगने वाले मेलों में दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। जो कि अपने पीछे पत्नी सावित्री, मां भगवती सहित हिमांशु(18) व बाबू (9) पुत्री मुस्कान(16) एवं कोमल (14)को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। मामले में जलालपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सरोज ने बताया कि मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है तथा मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## ओबरा पुलिस द्वारा 01 हेरोईन तस्कर को किया गया गिरफ्तार

**कब्जे से 14.02 ग्राम हेरोइन (अनुमानित कीमत 01 लाख 40 हजार 200 रुपये) बरामद**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में दिनांक-24.04.2024 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 01 नफर अभियुक्त संजय जायसवाल पुत्र स्व0 कैलाश नाथ जायसवाल निवासी सनराईज होटल के सामने चोपन रोड थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 41 वर्ष को 14.02 ग्राम नाजायज हेरोईन की बरामदगी कर गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0- 71/2024 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक 24.04.2024 को माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक–**
**श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक –**
**रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address**
**amanlekhaninews@gmail.com**



# ‘द लीजेंड ऑफ हनुमान’ के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज ‘द लीजेंड ऑफ हनुमान’ के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने ‘द लीडेंज ऑफ हनुमान’ के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ‘द लीडेंज ऑफ हनुमान’ जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर ‘द लीडेंज ऑफ हनुमान’ का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, ‘बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।’

लाइफ Style

# सारा अली

## ‘मेट्रो इन दिनों’ थिएटर में धमाल मचाने तैयार

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म ‘मेट्रो इन दिनों’ काफी चर्चा में हैं। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई हैं।

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, “तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। ‘मेट्रो इन दिनो’ 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म ‘मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



हॉलीवुड मसाला



## मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज ‘मिशन इम्पॉसिबल 7’ और ‘मिशन इम्पॉसिबल 8’ की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। ‘वैराइटी’ की रिपोर्ट के मुताबिक ‘मिशनः इम्पॉसिबल 7’, जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले ‘मिशनः इम्पॉसिबल 8’, जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।



## डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिम्प्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



## डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म ‘मडगांव एक्सप्रेस’ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



## डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

फिल्मी मसाला

## रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



### आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म ‘लज्जा’ से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। ‘लज्जा’ में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

### रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

### अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह ‘तुमसे अच्छा कौन है’ में नकुल कपूर, ‘आवारा पागल दीवाना’ में अक्षय कुमार, ‘राजा भईया’ में गोविंदा और ‘पार्टनर’ में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

## *ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...*

***मुंबई।** बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन__ : शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म ‘डॉन’ में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह ‘विजय’ और ‘डॉन’ के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*

*__अक्षय कुमार__ : अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म ‘बड़े मियां छोटे मियां’ में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म ‘अफलातून’ और ‘खिलाफी 420’ में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। ‘अफलातून’ यूट्यूब पर तो ‘खिलाड़ी 420’ जी5 पर देखी जा सकती है।*



*__शाहरुख खान__ : शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। ‘डुप्लीकेट’ उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने ‘डॉन’ और ‘फैन’ में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



## ‘टाइम’ मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुई शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट ‘टाइम’ मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने ‘अद्भुत टैलेंट’ में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

### साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते*** : अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।

**नायक** : साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा** : फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा** : साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज** : साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

### टॉप हिट फिल्में....



**येवाडू** : अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2)** : फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर**: राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

### ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

### रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।